इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
- डायलिसिस सुविधा उपलब्ध
- प्रोस्टेट एवं पथरी का इलाज दूरबिन पद्धति द्वारा
- आयुष्मान कार्ड द्वारा निः शुल्क ईलाज
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.) मो.नं.- 9301033013

वर्ष- 43 | अंक -299 | राजनांदगांव, मंगलवार 17 सितंबर 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# अरविंद केजरीवाल आज देंगे मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा, पीएसी बैठक में दिल्ली के नए सीएम पर हुई चर्चा

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज (मंगलवार, 17 सितंबर) को सीएम पद से इस्तीफा दे सकते हैं। सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार उन्होंने दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर विनय कुमार सक्सेना से मिलने का समय मांगा है। केजरीवाल कल शाम लगभग 4:30 बजे लेफ्टिनेंट गवर्नर से मुलाकात कर सकते हैं और फिर अपना इस्तीफा सौंप सकते हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता आज 17 सितंबर को बैठक करेंगे, जिसमें पार्टी के अगले कदम और अंतरिम मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला लिया जाएगा। आज बैठक में अगले सीएम के नाम पर चर्चा हुई है, जिसके नाम का ऐलान आज हो सकता है।

आप के नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आप सांसद राघव चड्ढा ने सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास पर उनसे बातचीत की। आम आदमी पार्टी (आप) की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) की बैठक आज शाम को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सिविल लाइंस स्थित आवास पर बुलाई जाएगी। इस बैठक में जो नाम फाइनल होगा, उसे मंगलवार (17 सितंबर 2024) को होने वाली आप के विधायक



दल की बैठक में रखा जाएगा। इसके बाद अंतिम नाम की घोषणा की जाएगी।

आप की इस अहम बैठक में आप के प्रमुख नेता हिस्सा लेंगे। जिन सदस्यों का नाम सूचीबद्ध है, वे सभी विधायक दल के नेता चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसमें पार्टी के शीर्ष नेता अरविंद केजरीवाल के साथ-साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, संदीप पाठक, गोपाल राय, आतिशी, एनडी गुप्ता, दुर्गेश पाठक, पंकज गुप्ता, राघव चड्ढा, इमरान हुसैन और राखी बिडलान जैसे महत्वपूर्ण नाम शामिल हैं। मंगलवार को होने वाली विधायक दल की बैठक में पीएसी द्वारा चुने गए नाम को औपचारिक रूप से मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद, पार्टी के नए नेता की घोषणा की जाएगी। यह प्रक्रिया अगले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पार्टी के भीतर नए नेतृत्व को उभारने के उद्देश्य से हो रही है। आप की पीएसी बैठक बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि यह पार्टी के विधायक दल के नए नेता को चुनने की दिशा में अंतिम कदम है। पीएसी की बैठक में जो निर्णय लिया जाएगा, उसका असर दिल्ली के भविष्य के राजनीतिक परिदृश्य पर भी पड़ेगा।

आप की पीएसी के सदस्य दिल्ली के राजनीतिक भविष्य को तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस बैठक के बाद, पार्टी के भीतर नई जिम्मेदारियों और दायित्वों का बंटवारा भी तय किया जा सकता है, जिससे पार्टी के आंतरिक ढांचे को मजबूती मिलेगी। आप इस बैठक के जरिए अपने अगले चुनावी अभियान की तैयारी भी कर रही है। पार्टी की योजना है कि एक नए नेता के नेतृत्व में वह दिल्ली और अन्य राज्यों में अपने प्रभाव को और मजबूत करे। पीएसी की बैठक से यह साफ हो जाएगा कि पार्टी अपने आगामी कदमों के लिए किस रणनीति पर आगे बढ़ने वाली है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 'देश के टुकड़े करना चाहते हैं सत्ता के भूखे लोग' अमेरिका में राहुल गांधी के बयान पर पर मोदी का जवाब

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि नफरत और नकारात्मकता से भरे कुछ लोग देश की एकता पर प्रहार कर रहे हैं। वे तुष्टीकरण की राजनीति के लिए किसी भी सीमा को पार कर सकते हैं। सरदार पटेल ने 500 से अधिक रजवाड़ों का एकीकरण किया, लेकिन सत्ता के भूखे लोग देश के टुकड़े-टुकड़े कर देना चाहते हैं। नफरत से भरे लोग भारत को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। वैसे तो प्रधानमंत्री ने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनकी टिप्पणी को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में दिए गए विवादास्पद बयानों का जवाब माना जा रहा है।



## नकारात्मक मानसिकता वाले लोगों से सतर्क रहें- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने गुजरात में आठ हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के लोग नकारात्मक मानसिकता वाले लोगों से सतर्क रहें और इन पर नजर रखें। नफरत से भरे लोगों ने आम चुनाव के बाद मेरा मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। लोग हैरान थे कि मोदी का अपमान हो रहा है और वह चुप हैं। लेकिन, चुनाव से पहले मैंने लोगों से 100 दिन के एजेंडे का वादा किया था। इसलिए हर मजाक और अपमान सहते हुए राष्ट्र की सेवा में व्यस्त रहा। इन 100 दिनों में केंद्र सरकार ने 15 लाख करोड़ रुपये की विकास योजनाओं पर काम किया।

## मैं राष्ट्र सेवा से डिगने वाला नहीं हूं- पीएम मोदी

नौ जून को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए पदभार संभालने के बाद यह पीएम मोदी की अपने गृह राज्य की पहली यात्रा है। मोदी ने कहा कि मैं सरदार पटेल की भूमि पर पैदा होने वाला बेटा हूं। राष्ट्र सेवा से डिगने वाला नहीं हूं। लोग मेरा कितना भी मजाक उड़ाएं, लेकिन मैंने तय किया है कि कोई जवाब नहीं दूंगा। विकसित भारत के लिए ऐसी ताकतों का डटकर मुकाबला करूंगा। दुनिया में भारत की साख बढ़ाने के साथ भारतीयों का सम्मान बढ़ाना ही हमारा लक्ष्य है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पायलट ने लीं पार्टी की बैठकें : बोले- जल्द भरे जाएंगे संगठन के पद



**कानून-व्यवस्था पर सरकार को घेरा**

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने आज कई बैठकें कीं। बैठकों के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए श्री पायलट ने कहा कि, 9 महीने में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने प्रदेश की जनता का विश्वास खो दिया है।

प्रदेश के गृहमंत्री के जिले में हत्याओं का सिलसिला चल पड़ा है। श्री पायलट ने कहा कि, हिंसात्मक घटनाओं में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। प्रदेश में हिंसा की घटनाएं बढ़ने के लिए बीजेपी सरकार जिम्मेदार है। सत्ताधारी पार्टी भाजपा में आपसी खींचतान के कारण इतने सारे सत्ता के केंद्र बन गए हैं और सरकार का संचालन दिल्ली से होता है। श्री पायलट ने कहा कि, प्रदेश की सरकार के पास कोई ताकत नहीं है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# अमित शाह का विपक्ष पर हमला, बोले- राहुल गांधी और कांग्रेस जम्मू-कश्मीर को फिर से आतंकवाद की ओर धकेलना चाहते हैं

जम्मू-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार के आखिरी दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने कहा राहुल गांधी और कांग्रेस राज्य को दोबारा आतंकवाद की ओर वापस धकेलना चाहती है। शाह ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी, नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी), आतंकवाद पर नरम हैं और गठबंधन की स्थिति में आतंकवादियों और पत्थरबाजों को जेलों से रिहा करने की योजना बना रहे हैं।

## जब घाटी खून से लथपथ थी फारूक अब्दुल्ला लंदन में छुट्टी मना रहे थे

अमित शाह ने अपने संबोधन में 1990 के दशक में कश्मीर घाटी में हुए आतंकवाद और खून-खराबे का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब घाटी खून से लथपथ थी, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला गर्मी की छुट्टियां



मनाने लंदन चले गए थे। शाह ने कहा कि यह गठबंधन केवल सत्ता के लालच में जम्मू-कश्मीर की जनता को तकलीफ देता रहा है।

## कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस पर सीधा हमला

शाह ने कहा कि कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन ने आतंकवाद को बढ़ावा दिया और कश्मीरी पंडितों को बहिष्कृत किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस गठबंधन ने जानबूझकर जम्मू-कश्मीर में आरक्षण लाने में देर की। शाह ने पूछा, क्या आप फिर से ऐसे गठबंधन को चुनना चाहेंगे, जिसने सिर्फ आतंकवाद फैलाया और कश्मीर को बर्बाद किया?

## फारूक अब्दुल्ला पर सीधा निशाना

कांग्रेस के साथ गठबंधन करके सत्ता में आने वाले फारूक अब्दुल्ला को अमित शाह ने कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने सवाल किया कि जब कश्मीर में खून बह रहा था, तब अब्दुल्ला कहां थे? शाह ने कहा कि नेहरू, गांधी और अब्दुल्ला परिवारों ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और आतंकियों को बढ़ावा दिया और अब वह फिर से जनता का समर्थन मांग रहे हैं।

## कश्मीरी पंडितों का दर्द

गृह मंत्री ने कश्मीरी पंडितों की स्थिति पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने कश्मीरी पंडितों के साथ विश्वासघात किया। इन पार्टियों ने उन्हें उनके घरों से बेघर कर दिया और घाटी में आतंकवाद को पोषित किया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# हरियाणा में चल रही है प्रबल सत्ता विरोधी लहर : चिदंबरम

चंडीगढ़। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने सोमवार को कहा कि हरियाणा में प्रबल सत्ता विरोधी लहर चल रही है और मार्च में अपने कार्य न करने वाले मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को हटा कर नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व ने खुद ही यह स्वीकार किया है।



श्री चिदंबरम ने यहाँ प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि हरियाणा की अर्थव्यवस्था देश में सबसे अधिक खराब स्थिति में है और 2014 में जहां औसत प्रति परिवार कर्ज 79000 रुपये था, पाँच साल में बढ़कर एक लाख 82 हजार 922 रुपये हो गया। उसके बाद के आँकड़े उपलब्ध नहीं हैं और अब तक यह काफी बढ़ चुका होगा। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान हरियाणा में किसानों की हालत खराब है और पीएम किसान योजना और फसल बीमा योजना जैसी योजनाएं प्रदेश के किसानों की स्थिति में सुधार लाने में विफल रही हैं। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि खट्टर सरकार ने किसानों की समस्याएं हल करने के बजाय दमन और हिंसा की नीति अपनाई और किसानों के खिलाफ 250 से अधिक एफआइआर दर्ज की। (शेष पृष्ठ 6 पर..)

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024' का शुभारंभ

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024' का शुभारंभ 17 सितंबर को रायपुर के इंडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा जाएगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्रीगण, विधायकगण, गणमान्य नागरिक, विभिन्न विभागों के सचिव, राज्य एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।



यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' विषय पर केंद्रित रहेगा, जिसमें स्वच्छता को समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी मानते हुए इसे उनके स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाने का प्रयास होगा। शुभारंभ समारोह मे ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत स्वच्छताग्रही समूहों को सुरक्षा किट का वितरण किया जावेगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान हेतु राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा-निर्मित पोस्टर का अनावरण किया जावेगा, इसके साथ ही स्वच्छता की शपथ ली जाएगी।

शुभारंभ समारोह के पश्चात प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' अतंर्गत 3 मुख्य स्तंभों पर कार्य किया जावेगा। स्वच्छता की भागीदारी के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चत किए जाने का लक्ष्य है। संपूर्ण स्वच्छता-स्वच्छता लक्षित इकाई के अंतर्गत कचरे एवं गंदे स्थानों को श्रमदान के माध्यम से साफ करते हुए इस प्रकार से रूपांतरित किया जावेगा कि वहां दोबारा गंदगी ना हो। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के अंतर्गत सफाई कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच उनका सम्मान समारोह एवं उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान किए जाने के कार्य किए जाने हैं। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' का यह अभियान 02 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती 'स्वच्छ भारत दिवस' पर पूर्ण होगा।

**छत्तीसगढ़ को मिली एक और वंदे भारत ट्रेन**

# पीएम मोदी ने दुर्ग-विशाखापट्टनम ट्रेन को दिखाई हरी झंडी




रायपुर। वंदे भारत ट्रेन रायपुर रेलवे स्टेशन से विशाखापट्टनम के लिए रवाना हुई। पीएम मोदी ने वर्चुअली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। स्कूली छात्र-छात्राएं, स्काउट गाइड, रेलवे कर्मचारी, आंध्रा एसोसिएशन के नागरिक वंदे भारत ट्रेन में सवार हैं। लोकार्पण कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल और विधायक गण भी मौजूद हैं।

# ग्लोबल मीट में शामिल हुए सीएम साय : बोले- छत्तीसगढ़ में रिन्यूएबल एनर्जी 45 प्रतिशत फीसदी तक ले जाने का लक्ष्य

रायपुर। सीएम विष्णुदेव साय चौथे ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट एंड एक्सपो में शामिल होने के लिए गुजरात पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि, हमारे देश के पीएम मोदी का संकल्प है कि, आने वाले 2030 तक इस देश में 500 मेगावाट रिन्यूअल एनर्जी का उत्पादन हो और उसे क्षेत्र में हमारा छत्तीसगढ़ का भी काफी योगदान रहेगा।



हम सोलर के सेक्टर में, हाईड्रल में, बायोगैस में सभी में अच्छा काम कर रहे हैं। अभी हमारे प्रदेश की खपत कुल 5500 मेगावाट है जिसमें से करीब 15 प्रतिशत रिन्यूअल एनर्जी में आधारित है जिसे आगे ले जाकर हम 45त्न तक बढ़ाने वाले हैं। इस तरह से जो प्रधानमंत्री जी का संकल्प है, उसमें हमारे छत्तीसगढ़ का भी योगदान रहेगा।

गुजरात के गांधीनगर में आयोजित किया गया कार्यक्रम

गुजरात में चौथे ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट एंड एक्सपो का आयोजन किया गया। सीएम विष्णुदेव साय सोमवार को गुजरात के गांधीनगर में आयोजित ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट एन्ड एक्सपो-2024 में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य की रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में हुई प्रगति के बारे में बताया है।

पटेल इलेक्ट्रिकल्स एंड सोलर
PATEL
हमारी सेवाएं
रेसिडेंशियल
कमर्शियल
होटल, हॉस्पिटल
पेट्रोल पम्प
सभी जगहों में सोलर रूफटॉप लगाया जाता है
सब्सिडी एवं फाइनेंस सुविधाएं उपलब्ध
अब दिल नहीं बिजली बिल छोटा कीजिये
8889999485, 9201681616
मोतीनाथ मंदिर भरकापारा राजनांदगांव 491441

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर मुफ्त ऑटो सवारी और दुकानों में भारी छूट, मनेगा जश्न

गुजरात। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मंगलवार (17 सितंबर) को अपना 73वां जन्मदिन मनाएंगे। गुजरात के सूरत में लोग इसे बड़े धूमधाम से मनाने की तैयारी कर रहे हैं। इस खास मौके पर सूरत में कई कारोबारियों ने 100 प्रतिशत तक डिस्काउंट और फ्री सर्विस प्रदान करने का ऐलान किया है। पीएम मोदी बर्थडे के मौके पर ओडिशा में रहेंगे और राज्य की महिलाओं को सुभद्रा योजना की सौगात देंगे, जिसमें लाभार्थियों को 5000 रुपए की पहली किस्त जारी करेंगे।

## जश्न में व्यापारियों का मिला सहयोग

भाजपा नेता पूर्णेश मोदी ने बताया कि हमारे निर्वाचन क्षेत्र में कई स्थानीय कारोबारी पीएम मोदी के जन्मदिन पर 10 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक की छूट देंगे। यह परंपरा हर साल प्रधानमंत्री के सम्मान में सेवा कार्यों के रूप में मनाई जाती है। इसमें होटल, रेस्टोरेंट, क्लीनिक, सब्जी बाजार और बेकरी जैसे कई व्यवसाय शामिल होंगे। पूर्णेश मोदी ने आगे कहा, 'हम हर साल पीएम मोदी के जन्मदिन पर सेवा कार्य करते हैं। इस बार 2500 व्यापारी 10 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक की छूट रहे हैं। 110 ऑटो-रिक्शा उस दिन 100 प्रतिशत छूट देंगे। हम हर साल इसकी अपील करते हैं, लेकिन कोई भी कारोबारी अपनी मर्जी से इसमें शामिल होता है।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन्मदिन पर ओडिशा में 'सुभद्रा योजना' की शुरुआत करेंगे**

## सूरत में ऑटो की मुफ्त सवारी

सूरत में ऑटो यूनियन भी पीएम मोदी जन्मदिन के जश्न में शामिल हो रही है। यूनियन के अध्यक्ष राजू भंडारी ने कहा, हम पीएम मोदी के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाएंगे। इस दिन हम मुफ्त सवारी देंगे, जो 16 सितंबर सोमवार को होगी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 'पहले अपने गिरेबान में झांके', ईरान के सुप्रीम लीडर ने भारतीय मुस्लिमों पर दिया बयान तो एमईए ने दिया दो टूक-जवाब

नई दिल्ली। भारत के खिलाफ कई बार टिप्पणी कर चुके ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने एक बार फिर कहा कि भारत में मुसलमानों का उत्पीड़न हो रहा है। ईरान के सुप्रीम लीडर के इस बयान पर विदेश मंत्रालय ने कड़ी टिप्पणी की।



विदेश मंत्रालय ने कहा, हम ईरान के सर्वोच्च नेता द्वारा भारत में अल्पसंख्यकों के बारे में की गई टिप्पणियों की कड़ी निंदा करते हैं। ये गलत सूचना और अस्वीकार्य हैं। अल्पसंख्यकों पर टिप्पणी करने वाले देशों को सलाह दी जाती है कि वे दूसरों के बारे में कोई भी टिप्पणी करने से पहले अपना रिकॉर्ड देखें।

## खामेनेई ने क्या कहा?

पैगंबर मोहम्मद की जयंती पर सोमवार को अयातुल्लाह अली खामेनेई ने कहा कि दुनिया भर के मुसलमानों के बीच एकजुटता की जरूरत है। खामेनेई ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, अगर हम म्यांमार, गाजा, भारत या किसी अन्य स्थान पर किसी मुस्लिम को होने वाली पीड़ा से बेखबर हैं तो हमें खुद को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

ASHOKA GROUP OF INSTITUTIONS • RAJNANDGAON
अशोका आई.टी.आई.
NCVT-DGET नई दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
कोपा (Computer) 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स
स्टेनो 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स
इलेक्ट्रीशियन 10 वीं पास 2 वर्षीय कोर्स
वॉयरमैन 8 वीं पास 2 वर्षीय कोर्स
अशोका डिग्री कॉलेज
B.A. | B.COM | PGDCA
8319493983, 7000629783, 8602502398
ग्राम- तोरनकट्टा, मनकी पेट्रोल पंप के पास, जी.ई. रोड, पोस्ट- सोमनी, राजनांदगांव (छ.ग.)
ऑफिस: 99813-60623 | ashokaiti2019@gmail.com

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का करायेगें गृह प्रवेश

**नगर निगम सभागृह टाउन हॉल में सीधा प्रसारण, स्वच्छता ही सेवा अभियान का होगा शुभारंभ**

**महापौर सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी पहले दिन शीतला माता मंदिर परिसर में करेंगें श्रमदान, एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत त्रिवेणी परिसर में वृक्षारोपण**




राजनांदगांव (दावा)। शासन के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित करने की कड़ी में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ 17 सितम्बर को सुबह 8 बजे शीतला माता मंदिर परिसर में श्रमदान कर और त्रिवेणी परिसर में वृक्षारोपण किया जायेगा। वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत देशभर के 4 लाख हितग्राहियों का गृह प्रवेश किया जायेगा। जिसका दोपहर 12 बजे नगर निगम सभागृह टाउन हॉल में सीधा प्रसारण होगा।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भुवनेश्वर ओड़िसा राज्य से 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत देशभर के 4 लाख हितग्राहियों का गृह प्रवेश किया जायेगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के 23071 हितग्राहियों का गृह प्रवेश प्रधानमंत्री द्वारा वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का नगर निगम द्वारा नगर के हितग्राहियों के लिए टाउन हॉल सभागृह में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सीधा प्रसारण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर स्वच्छता ही सेवा अभियान आयोजित किये जाने शासन निर्देश के अनुक्रम में अभियान के पहले दिन शीतला माता मंदिर परिसर में श्रमदान किया जायेगा। श्रमदान के अलावा स्वच्छता रैली आयोजित की जायेगी।

रैली को महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना की जायेगी। इसी कड़ी में सुबह 9 बजे एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत त्रिवेणी परिसर में वृक्षारोपण किया जायेगा। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने 17 सितम्बर को आयोजित कार्यक्रमों में सुबह 8 बजे शीतला माता मंदिर परिसर में श्रमदान, 9 बजे त्रिवेणी परिसर में वृक्षारोपण एवं दोपहर 12 बजे टाऊन हॉल सभागृह में आयोजित प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों के ऑनलाईन गृह प्रवेश कार्यक्रम में निगम पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों तथा पत्रकार बंधुओं से उपस्थिति की अपील की है।

# नकली शराब पर बड़ी कार्रवाई के बाद तालाब में फेंके गए स्प्रिट

**नकली ढक्कन और अन्य सामग्री, केमिकल युक्त पानी से जलीय जीवों समेत पक्षियों को खतरा**

खैरागढ़ (दावा)। इन दिनों खैरागढ़ जिला पुलिस ने अवैध शराब को लेकर मोर्चा खोल रखा है। जिससे जिले में सक्रिय अवैध शराब कोचियो में हड़कंप मचा हुआ है। बीते दिनों पुलिस ने जिले में चल रही नकली देशी शराब बनाने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए, 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। ये आरोपी बड़े ही संगठित तरीके से काम कर नकली देशी सफेद शराब बना रहे थे और खैरागढ़ के साथ साथ अन्य सीमावर्ती इलाकों में नकली शराब खपा रहे थे। इनकी बनाई नकली देशी शराब में क्यू आर कोड छोड़कर बाकी स्टिकर, ढक्कन,बोतल हुबहू असली सरकारी देशी शराब जैसी ही दिखाई देती थी। जिससे मदिरा प्रेमी आसानी से धोखा खा जाते थे और इन नक्कालों के जाल में फंसकर ज्यादा पैसे देकर भी जानलेवा नकली शराब पी रहे थे।

वहीं इस नकली शराब से ना सिर्फ इंसान बल्कि पशु पक्षीयों की जान को भी अब खतरा बना हुआ है। दरसल खैरागढ़ धमधा मार्ग में पड़ने वाले रौंदा बांधा तालाब में पुलिस ने छह बड़ी बोरियों में नकली शराब के हजारो ढक्कन बरामद किया है, जिसे आरोपियों ने पुलिस से बचने के लिए तालाब में फेंक दिया था। धमधा थाना क्षेत्र में आने वाले रौंदा बांधा तालाब में कई प्रवासी एवं संरक्षित पक्षी निवास करते हैं। अब ऐसे में इन नक्कालों ने जिस तरह से रौंदा बांधा तालाब में नकली शराब के ढक्कन, स्प्रिट और अन्य सामग्री को फेंका है, उससे पक्षी प्रेमियों की चिंता बढ़ा दी है। रौंदा बांधा तालाब में पेंटेड स्टॉर्क के साथ ही कई तरह के पक्षी निवास करते हैं। पेंटेड स्टॉर्क जिसे हिंदी में चित्रित सारस कहा जाता है। इसे इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंसरवेशन ऑफनेचर (आईयूसीएन) ने अपनी रेड लिस्ट में रखा है, मतलब ये पक्षी विश्व में संकटग्रस्त स्थिति में है। ऐसे में यहाँ भी इनका उचित संरक्षण और देखभाल करना बहुत आवश्यक है। लेकिन चंद रुपयों के लालच में नकली शराब बनाने वाले ये आरोपी इन पक्षियों के भी जान के दुश्मन बन गए हैं।

पक्षी विज्ञानी प्रतीक ठाकुर ने बताया कि रौंदा बांधा वेट लैंड है, इसमें पक्षियों की कई प्रजाति पाई जाती है, जिनका प्राथमिक आहार मछली ही है। अब इस बांध का पानी प्रदूषित हो गया है, जिसके कारण मछलियां मर रही हैं। ऐसे में यहाँ की मछलियों को खाने की वजह से यहाँ के पक्षी भी बीमार हो सकते हैं और इस प्रदूषित पानी से जीव जंतुओं के साथ इंसानों को भी खतरा हो सकता है। वहीं इस पूरे मामले को लेकर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांडेय ने बताया कि अभी तक कुल दो नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया है, इसीक्रम में रौंदा धमधा के डैम से हजारों की संख्या में बॉटल के ढक्कन को बरामद किया गया है, अभी तक कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे भी इस मामले से जुड़े और भी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## पहला कॉलम...

### श्री सेवा समिति, स्टेडियम चौक, भदौरिया चौक में होगा रात्रिकालीन भंडारा

**विसर्जन झांकी की रात होगा भंडारे का भव्य आयोजन**



राजनांदगांव (दावा)। भदौरिया चौक में स्थापित गणपति व केदारनाथ की झांकी देखकर दर्शक जहाँ मन्त्रमुग्ध होकर लौट रहें है, और साथ ही बच्चे भी झूले, मिकी माउस, जंपिंग झूला, जुरासिक पार्क, इत्यादि से मनोरंजन प्राप्त कर रहें है इसी क्रम में श्री सेवा समिति के तत्वाधान में पंडाल में समिति द्वारा गणेश विसर्जन के अवसर पर झांकी के रात भर भंडारा चालू रहेगा, समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने बताया की दिन मंगलवार को हवन पूजन एवं रात्रिकालीन भंडारा का आयोजन किया जाएगा। दर्शकगण पूरी रात गणपति के दर्शन कर पाएंगे व भंडारे का आनंद भी ले सकेंगे।

### बिल्डिंग ठेकेदार संघ द्वारा 21 को पं. विवेक शर्मा का कार्यक्रम



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय चिखली में बिल्डिंग ठेकेदार संघ के तत्वाधान में विश्वकर्मा जयंती के पावन दिवस पर भवन में दोपहर 2 बजे भगवान विश्वकर्मा जी की मूर्ति स्थापना की जावेगी। तद्पश्चात् प्रसादी वितरण किया जावेगा। आगामी 21 सितम्बर शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सुप्रसिद्ध लोकगायक पं. विवेक शर्मा की शानदार प्रस्तुति स्टेट हाईस्कूल मैदान में शाम 7 बजे से रखा गया है। उक्त जानकारी बिल्डिंग ठेकेदार संघ के सचिव अमिताभ ठावरे ने दी।

### गणेश विसर्जन पर्व पर 17 एवं 18 सितंबर को बंद रहेगी मदिरा दुकानें

राजनांदगांव (दावा)। आज 17 एवं 18 सितंबर को गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन झांकी के रूप में किया जावेगा। इस अवसर पर डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत स्थित देशी-विदेशी मदिरा दुकानो को बंद रखा जाना है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल ने गणेश विर्सजन के पावन पर्व पर लोकहित एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा-24 की उप-धारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ क्षेत्र में स्थित देशी मदिरा दुकान डोंगरगांव (कम्पोजिट), देशी मदिरा दुकान अर्जुनी (कम्पोजिट), विदेशी मदिरा दुकान बेलगांव (कम्पोजिट), देशी मदिरा दुकान बोरतलाब (कम्पोजिट), विदेशी मदिरा दुकान डोंगरगांव (मेढ़ा) एवं सीएस 2 (ग-अहाता), एफएल-1 (ख-अहाता) को दिनांक 17 सितंबर को सांय 5 बजे से एवं दिनांक 18 सितंबर को संपूर्ण दिवस हेतु बंद रखने हेतु आदेश दिये है।

# सभी अभियंता अपना कार्य पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करें - कलेक्टर

**समारोह के अध्यक्ष राजशेखर मेश्राम ने सभी आगंतुकों को दी शुभकामनाएं**






राजनांदगांव (दावा)। अभियंताओं के पितृ पुरुष भारतरत्न सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया की 163वीं जयंती पर छत्तीसगढ़ डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन के द्वारा अभियंता दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

गत दिवस गौरव पथ स्थित गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल अभियंताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अभियंता अपने कार्य निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक करें। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष इंजीनियर राजशेखर मेश्राम ने सभी उपस्थित अभियंताओं को अभियंता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन में ही शक्ति है। इस अवसर पर सुबह 10:00 बजे से समता वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों को भोजन सेवा एवं आस्था मुकबधिर शाला में बच्चों को फल वितरण किया गया। संध्या 7:00 बजे मुख्य समारोह में अभियंता व्याख्यान माला आयोजित हुई वहीं सेवानिवृत्ति अभियंताओं का विशेष सम्मान किया गया है।

सम्मान प्रतिभावान विद्यार्थियों का भी किया गया और इसी के साथ संगीत सरिता (आर्केस्ट्रा) आयोजन में चांर चांद लगा दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से इंजी. जी. डी. रामटेके कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग राजनांदगांव, इंजी. अफताब आलम कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन मोंगरा बैराज संभाग डोंगरगाँव, इंजी. ए.के.चौहान कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण संभाग राजनांदगाँव, इंजी. समीर शर्मा कार्यपालन अभियंता, लोक स्वा यांत्रिकी संभाग राजनांदगाँव, इंजी. बी. एन. बंजारे कार्यपालन अभियंता, लो. स्वा. यांत्रिकी (वि./यां) राजनांदगाँव, इंजी. यू. के. रामटेके कार्यपालन अभियंता, नगर पालिक निगम राजनांदगाँव, इंजी. ईश्वर दोनोडे कार्यपालन अभियंता, प्र.म.ग्रा.स.यो. ई. क्रं.1 राजनांदगाँव, इंजी. आर.आर. खरे कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं प्र.म.ग्रा.स.यो. ई. क्रं.2 राजनांदगाँव, इंजी. श्रीमती विजयलक्ष्मी बर्मन कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण विकास संभाग, मु.म.ग्रा.स.यो. राजनांदगाँव, इंजी. शिवम सोनी कार्यपालन अभियंता हाऊसिंग बोर्ड राजनांदगाँव, इंजी. इन्दूभूषण साहू कार्यपालन अभियंता, छ.ग. राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) सहित अभियंता परिवार उपस्थित थे।

## श्री मिथिला धाम गणेश मंदिर में विश्वकर्मा जयंती पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। श्री मिथिला धाम गणेश मंदिर में 7 सितंबर से गणेश पूजा के अवसर पर प्रतिदिन दुगड्डा अभिषेक किया जा रहा है इस अवसर पर भक्तजन उपस्थित होकर इसका लाभ उठा रहे हैं गणेश पूजा में अभिषेक करने का विशेष फल प्राप्त होता है इसमें सर्वविधि कल्याण होता है गणेश पूजा के अंतिम दिन 17 सितंबर को भगवान अनंत जो कि विष्णु भगवान का एक रूप है उसकी पूजा की जाती है गणेश मंदिर में पं डॉ. निरंजन ठाकुर के द्वारा यजमान मनोज चौधरी के माध्यम से पूजा संपन्न होगी इस तरह गणेश पूजा 7 सितंबर से 17 सितंबर तक मिथिला धाम गणेश मंदिर में विधि विधान पूर्वक संपन्न हो जाएगा 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर गणेश मंदिर भगवान विश्वकर्मा की पूजा भी की जावेगी गणेश पूजा के दौरान प्रसादी भंडारा में खिचड़ी का वितरण भी किया गया गणेश विसर्जन के दौरान गांव से आए हुए भक्त जनों के लिए पुलाव प्रसादी का वितरण भी देर रात किया जाएगा।

# भारतीय मजदूर संघ का आज रैली व सम्मेलन



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय श्रम दिवस भगवान विश्वकर्मा के जयंती के अवसर पर हर वर्ष की भांति जिला भारतीय मजदूर संघ ने इस वर्ष भी विविध आयोजन किये है। इन आयोजनों को सफल बनाने के लिये पिछले कई दिनों से भामसं कार्यकर्ता बैठके कर रहे थे, जिसके तहत आज 17 सितम्बर को संगठन की एक विशाल रैली निकाली जायेगी तथा इसके पूर्व विराट श्रमिक सम्मेलन का भी आयोजन किया जायेगा।

भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने एक बयान में बताया कि भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह व श्रमिक सम्मेलन सुबह 11.00 बजे गॉधी सभागृह म्यूनिस्पल स्कूल में प्रारंभ होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय व वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। समारोह में राष्ट्रीय श्रम दिवस के आयोजन के पीछे संगठन के सैद्धांतिक विचारों को बताया जायेगा, इसके बाद दोपहर 01.00 बजे मजदूरों की विशाल रैली निकाली जायेगी, जो शहर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुये महावीर चौक में समाप्त होगी। रैली के समापन के पूर्व महावीर चौक में ही समापन सभा का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन व रैली में भामसं से संबद्ध श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

# संजय भोजानी के निधन के पश्चात किया नेत्रदान

राजनांदगांव (दावा)। लोहाणा समाज के ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष संजयभाई प्रभुलाल भाई के निधन के पश्चात भोजाणी परिवार द्वारा उनके नेत्रदान से दो नेत्रहीन लोगों को नेत्र ज्योति मिलेगी। संजयभाई प्रभुलाल भाई के निधन के पश्चात नवदृष्टि फाउंडेशन के प्रयास पर प्रफुल्ल भाई, सुनील भाई, राजू भाई, कमलेश भाई ने नेत्रदान हेतु सहमति दी।



राजनांदगांव जिला अस्पताल की टीम डॉ.गीतांजलि शर्मा, डॉ. प्राजंलि साहू, डॉ.शुभांगी सुरवाड़े एवं संजीव कुमार यादव ने कॉर्निया कलेक्ट किए नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य तरुण आढ़तिया, मनीष भाई संहिता, दिव्या बेन नगदिया पूरे समय उपस्थित रहे व नेत्रदान प्रक्रिया सम्पन्न करने में सहयोग किया।

प्रफुल्ल भाई ने कहा आज उनके भाई की मृत्यु के बाद उनकी आँखों से दो लोगों को नेत्र ज्योति मिलेगी। तरुण आढ़तिया ने कहा संजयभाई के नेत्रदान से नेत्रदान प्रक्रिया को गति मिलेगी व समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता और बढ़ेगी और हमारी संस्था के अभियान को गति मिलेगी एवं हमारी संस्था के सदस्यों का मनोबल बढ़ेगा। नवदृष्टि फाउंडेशन के मनीष भाई संहिता ने कहा हमारी संस्था लगातार लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं व लोगों की देहदान व नेत्रदान, त्वचादान हेतु सोच बदली है अब लोग स्वस्फूर्त ही देहदान व नेत्रदान हेतु सामने आ रहे हैं एवं यदि कोई देहदान या त्वचादान हेतु सहयोग या मार्गदर्शन चाहता है तो हमारी संस्था के सदस्यों से सहयोग ले सकता है।

नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से शैलेश गणात्रा, तरुण आढ़तिया, फणेन्द्र जैन, दिव्या नगदीया, मनीष साहिता, अनिल बल्लेवार, कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी, मुकेश आढ़तिया, हरमन दुलई, मंगल अग्रवाल, किरण भंडारी, रितेश जैन, जितेंद्र हासवानी, उज्जवल पींचा, सत्येंद्र राजपूत, सुरेश जैन, राजेश पारख, पियूष मालवीय, विकास जायसवाल, मुकेश राठी, प्रभु दयाल उजाला, प्रमोद बाघ, सपन जैन, यतीन्द्र चावड़ा, बंसी अग्रवाल, अभिजीत पारख, दीपक बंसल, मोहित अग्रवाल, चेतन जैन, दयाराम टांक ने संजयभाई प्रभुलाल भाई को श्रद्धांजलि दी व परिवार को साधुवाद दिया।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
कुंवर सिंह भार्गव फिल्मस् कृत
कॉलेज लाइफ
(कहानी मया के)
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - टी आर भार्गव, पुनम चन्द्राकर हरिशंकर भार्गव, एस. आर. भार्गव, हेमलता साहू, अनिल हरिहारनो आदि।




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com




# आकर्षक गणेश प्रतिमाएं एवं धार्मिक प्रकरणों से युक्त स्थल झांकियों ने जनता का मनमोह लिया



**○ फुहड, अश्लील एवं भौंडे फिल्मी गीत जुलूस में बिल्कुल ना बजाये**
**○ प्रशासन के तय मापदंडों को पालन करें**



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव की पहचान गणेश उत्सव विगत 10 दिनों से सनातन धर्म एवं उसकी संस्कृति के अनुरूप ही रहें हैं। हर जगह आकर्षक गणेश प्रतिमाएं एवं धार्मिक प्रकरणों से युक्त स्थल झांकियों ने जनता का मन मोह लिया है। कहीं भी प्रतिमाओं में विकृति एवं फूहड़ नृत्य एवं गीत की बात देखने एवं सुनने नहीं मिली है।

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल शहर की समस्त समितियों का आभार व्यक्त करता है कि उन्होंने पूरे ही शिद्दत से महान सनातनी परंपराओं एवं संस्कृति का झंडा बुलंद किया है। विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल शहर की समस्त गणेशउत्सव समितियों से अनुरोध करता है की इसी तरह आज निकलने वाली विसर्जन झांकियों में इस बात का विशेष ध्यान रखें कि फुहड, अश्लील एवं भौंडे फिल्मी गीत अपने जुलूस में बिल्कुल भी ना बजाएं, ताकि हमारे युवा हमारी धार्मिक परंपराओं को नजर अंदाज कर इन पर झूमने लगे, यह कुछ व्यक्ति या संस्थाओं की जिम्मेदारी न होकर हम सभी सनातनियों को सोचना है कि हम अपने ही धर्म का मजाक बना रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सभी विसर्जन झांकियां एवं जुलूस का निरीक्षण रात भर करते रहेगी अगर किसी जुलूस में बहुसंख्यक हिंदू वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य किया गया तो आवश्यक सबूत जुटाकर संविधान में दिए गए प्रावधानों के तहत कानूनी कार्यवाही करने का काम भी विश्व हिंदू परिषद करेगा। विश्व हिंदू परिषद सभी समितियों से यह भी अनुरोध करता है कि गणेशजी की प्रतिमाओं को पितृपक्ष में हरगिज़ भी विसर्जित ना करें यह हमारी धार्मिक परंपराओं के विपरीत है। सीमित आवाज में डीजे बजाने का जो आदेश अदालत ने दिया है इसका कड़ाई से पालन सरकार, प्रशासन को करना पड़ रहा है और यह कुछ हद तक सही भी है कि एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में, प्रतिद्वंद्वीता में अब बड़े-बड़े डीजे कानफोडूं आवाजों में बजने लग गए थे।

विश्व हिंदू परिषद राजनांदगांव के अध्यक्ष योगेश बागड़ी ने शहर की धर्मप्रेमी जनता एवं समितियों को निवेदन किया है कि प्रशासन द्वारा तय किए मापदंडों एवं तय किए गए मार्ग एवं क्रम का पालन करते हुए आज की इस ऐतिहासिक परंपरा का निर्वाह सफलतापूर्वक करें। सरकार एवं प्रशासन हम सबके हित में ही इसे करने जा रहा है।

## लक्ष्मीनारायण सोनी का निधन



डोंगरगांव (दावा)। नगर के सदर लाईन निवासी लक्ष्मीनारायण सोनी का दुखद निधन 16 सितम्बर सोमवार सुबह चार बजे हो गया है, शिक्षक धीरज सोनी और समाजसेवी नीरज सोनी के पिता स्व.श्री सोनीजी अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक व स्वजातीय बंधु शामिल हुए।

## एनबीआईएस, बोरी की छात्रा को राज्य स्तरीय स्पर्धा में स्वर्ण पदक



राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी की कक्षा बारहवीं की छात्रा दीक्षा साहू ने 24 वीं राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता टेबल टेनिस खेल में स्वर्ण पदक प्राप्त कर राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया, जो कि 10 से 13 सितम्बर तक भिलाई नगर दुर्ग में संपन्न हुआ जिसमें 19 वर्षीय बालिका वर्ग में शाला की दीक्षा साहू पिता राजेश साहू ने टेबल टेनिस टीम का कुशलता पूर्वक नेतृत्व किया कुमारी दीक्षा ने पूरी प्रतियोगिता के दौरान अपराजय रहते हुए अपनी टीम को विजयी बनाने के लिये महत्वपूर्ण योगदान दिया। दीक्षा साहू पहले भी खेल में अच्छे प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी रही है। दीक्षा साहू की इस कामयाबी पर शाला में हर्ष का माहौल है।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-6-9
370-0 260-8
राजधानी
3-4-7
134-8 569-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# गणेश विसर्जन के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी सजगता से करें अपने दायित्वों का निर्वहन - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गणेश विसर्जन के मद्देनजर कार्यपालिक एवं पुलिस अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि गणेश विसर्जन के लिए सभी अधिकारी अपनी पूरी तैयारी करते हुए चाक-चौबंद व्यवस्था रखें। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी सजगता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। कार्यपालिक अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी आपस में तथा समिति के साथ संचार एवं समन्वय करें और सतत संपर्क में रहे। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन के लिए निर्धारित रूट का अवलोकन कर लें तथा प्रकाश, बोट, गोताखोर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम की टीम, एसडीएम, एसडीओपी, सभी तहसीलदार, थाना प्रभारी को अलर्ट मोड में रहते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजनांदगांव नगर निगम सीमा क्षेत्र में मदिरा दुकानें बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि अवैध शराब पर कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है। इसके लिए अवैध शराब के परिवहन को लक्षित करते हुए कार्य करें तथा सूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय बनाते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि अवैध शराब, जुआ-सट्टा, नशाखोरी करने वालों पर कार्रवाई करने से परिवर्तन आएगा और ऐसे लोगों को जेल में भी डालने की जरूरत है। उन्होंने गणेश विसर्जन के दौरान जनसामान्य के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग तथा विद्युत व्यवस्था बाधित न हो इसके लिए विद्युत विभाग की टीम को उपस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनसीसी, स्काउट एवं अन्य वालिंटियर की मदद व्यवस्था बनाने के लिए ले सकते हैं। गणेश विसर्जन के लिए कलेक्टर ने वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिए, ताकि समस्त गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जा सके।



**कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने गणेश विसर्जन के मद्देनजर कार्यपालिक एवं पुलिस अधिकारियों की ली बैठक**

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि गणेश विसर्जन के लिए अमला पूरी तरह से अलर्ट रहे, ताकि समय पर गणेश विसर्जन का कार्य पूर्ण हो सके। रूट चार्ट की पूरी जानकारी रखते हुए ऐसे स्थानों का चिन्हांकन करें, जहां विकल्प के तौर पर स्थान सुरक्षित रखा जा सके। समुचित व्यवस्था के लिए कार्यक्रम स्थल पर प्रकाश, गोताखोर, उद्घोषक, रस्सी सहित समुचित व्यवस्था रहे। सभी एसडीएम एवं एसडीओपी तथा थाना प्रभारी स्वयं जाकर विभिन्न स्थानों का विश्लेषण करें तथा सेक्टर बांटते हुए, अपने रूट चार्ट को समझ लें। ऐसे स्थान जहां पुलिस बल लगाने की जरूरत है तथा ऐसे स्थान जहां पेट्रोलिंग की जरूरत है, जिनका चिन्हांकन करते हुए सख्ती से कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कल सुबह मॉकड्रिल की जाएगी। जहां वाहन तथा एम्बुलेंस के लिए स्थान एवं गणेश विसर्जन की झांकियों के सुगम आवागमन के लिए समुचित व्यवस्था के लिए मॉकड्रिल की जाएगी। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन के दौरान समस्त गतिविधियों की निगरानी के लिए वीडियोग्राफी की जाएगी। साथ ही कंट्रोल रूम एवं ड्रोन एवं फोटोग्राफी के माध्यम से भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाएगा। उन्होंने मानव मंदिर चौक पर ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन समिति को टोकन दिया जाएगा और सभी अपने क्रम से गणेश विसर्जन करेंगे। पुरस्कार सिर्फ उन्हीं समितियों को दिया जाएगा, जो टोकन लेंगे। शाम 8 बजे से गणेश विसर्जन के लिए झांकी निकलेगी। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध शराब के परिवहन तथा जुआ-सट्टा तथा नशाखोरी को रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस रखते हुए कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि शराब के दुष्प्रभाव को देखते हुए, पुलिस एवं आबकारी विभाग सूचना मिलते ही संयुक्त रूप से कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि झांकियां तीन रूट महावीर चौक, दुर्गा चौक, गुरूनानक चौक से होते हुए मानव मंदिर चौक पहुंचेगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुलदेव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अतुल विश्वकर्मा सहित सभी कार्यपालिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनसंपर्क विभाग द्वारा 'विकसित भारत - मोदी जी की संकल्पना' थीम पर नगर निगम सभागृह टाऊन हॉल में फोटो प्रदर्शनी का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। जनसंपर्क विभाग द्वारा 'विकसित भारत - मोदी जी की संकल्पना' थीम पर नगर निगम सभागृह टाऊन हॉल में फोटो प्रदर्शनी लगाई जा रही है। फोटो प्रदर्शनी में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक दिखाई देगी। फोटो प्रदर्शनी में बचपन, पाठशाला, माँ से मिला संस्कार, देश भक्ति की शक्ति, किताबों के समंदर के गोताखोर, युवा नमो जीवन एक खोज, हिमालय की गोद में, पावरफुल सीएम, वीआईपी कल्चर को गुडबाय, मोदी 3.0, बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि, 24 घंण्टे भी कम है बंदे में इतना दम है, आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब, संकटमोचक बने मोदी, जल शक्ति से जलक्रांति, एक पेड़ माँ के नाम, डिजिटल हुई पहचान डिजिटल से भुगतान डिजिटल से जीवन आसान, अंतरिक्ष शक्ति, संविधान के अग्रदूत सहित विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी। फोटो प्रदर्शनी में जनसंपर्क विभाग की पत्रिका जनमन का भी निःशुल्क वितरण किया जाएगा। नागरिक नगर निगम सभागृह टाऊन हॉल में आकर फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकते हैं।

# बाल रत्न मंच गणेश उत्सव के विशाल रक्तदान शिविर में 68 यूनिट रक्तदान हुआ



**युवाओं एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान**

राजनांदगांव (दावा)। बाल रत्न मंच गणेश उत्सव आयोजन समिति के संयोजक संदेश जैन, प्रशांत अग्रवाल रवि शर्मा ने बताया कि, मेरी संस्कृति मेरा आधार सेवा ही उद्देश्य को चरितार्थ करते हुए जिए और जीने दे भारतीय संस्कृति का आधार स्तंभ है। 31वें वर्ष के आयोजन बाल रत्न मंच गणेश उत्सव पंडाल में पहली बार संस्था के पूर्व संरक्षक स्व. श्री सत्यनारायण अग्रवाल की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर भाद्रपद शुक्ल एकादशी दिनांक 14 सितंबर दिन शनिवार समय प्रातः 11:00 से संध्या 5:00 बजे तक गणेश उत्सव पंडाल रामाधीन मार्ग राजनंदगांव में 68 यूनिट रक्तदान हुआ। शिविर में नवयुवक युवाओं एवं महिलाओं ने बढ़ चढ़कर सहभागिता निभाई, जियो और जीने दे को सिद्ध किया परोपकार भारतीय संस्कृति का मुख्य अंग है। मुख्य अतिथि राजेंद्र बाफना अध्यक्ष उदयाचल संस्था राजनादगांव विशिष्ट अतिथि संतोष अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल सभा राजनांदगांव द्वारा गणपति पूजन एवं संस्था के पूर्व संरक्षक स्व. श्री सत्यनारायण अग्रवाल के तेल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए रक्तदान शिविर प्रारंभ हुआ संस्था की ओर से सम्मानित अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर एवं अंग वस्त्र दुपट्टा पहनाकर व श्रीफल भेंट किया गया। प्रथम रक्तदान करने वाले नवयुवक भाई साहब को सम्मानित अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर दुपट्टा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया आयोजन के मुख्य अतिथि राजेंद्र बाफना द्वारा रक्तदान किया गया।

मुख्य अतिथि राजेंद्र बाफना ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपकी संस्था गौ सेवा रथ दो रोटी शहर ही नहीं पूरे प्रदेश में एक विशिष्ट पहचान रखती है। आपकी संस्था अनेक वर्षों से सेवा कार्यों में निरंतर सक्रिय है आपकी सेवा का भाव अटूट है विशिष्ट अतिथि संतोष अग्रवाल ने अपने उद्बोधन ने कहा की मानव सेवा माधव सेवा है और कहा कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं बाल रत्न मंच सेवा समिति के सेवा कार्य नित्य निरंतर प्रगतिशील एवं प्रेरणादाई है रक्तदान शिविर के सहयोगी फणेद्र जैन, नागेश यदु रक्तवीर जिला रक्तवीर संघ प्रमुख ने अपनी सेवाएं दी। बाल रत्न मंच गणेश उत्सव सेवा समिति के सभी सदस्यों ने अपनी सेवाएं जानकारी आयोजन समिति के प्रचार प्रमुख आयुष शर्मा हर्ष अग्रवाल ने दी।

# लखोली भाजपा शक्ति केन्द्र में सदस्यता अभियान जोरों पर



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के सदस्यता अभियान संगठन पर्व तहत लखोली शक्ति केन्द्र के सातों बुथ में व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के रेफरल कोड से वार्डवासियों को सदस्यता दिलाई गई। कार्यकर्ताओं ने घर-घर संपर्क कर भाजपा की विचारधारा से अवगत करवाकर लोगों को विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने हेतु भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनाकर उनके योगदान को सुनिश्चित किया गया। अभियान में दक्षिण मंडल उपाध्यक्ष अशोकादित्य श्रीवास्तव, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मिथलेश्वरी वैष्णव, अभियान के प्रभारी संतोष निर्मलकर, मंत्री प्रकाश मारकंडे, पुर्व पार्षद देवबती साहू, बुथ अध्यक्षों डिलेश्वर साहू, संतोष गुप्ता, संतोष साहू, बाबा, शिवेंद्र वैष्णव, चंद्रिका साहू, शत्रुहन साहू, तामेश्वर साहू, विनोद कुमार कश्यप एवं उत्तरा निषाद सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

# तिरंगा मंडल में सृष्टि के रचनाकार त्रिदेव त्रिशक्ति परिवार



राजनांदगाँव (दावा)। संस्कारधानी की ऐतिहासिक विसर्जन झांकियों में अपनी अलग पहचान बनाने वाली तथा अपने देशभक्ति छत्तीसगढ़ी संस्कृति, पौराणिक, धार्मिक विषयों पर उद्देश्य पूर्ण कथानक के साथ मनोरम झांकी प्रस्तुत करने वाली विसर्जन झांकी श्री तिरंगा गणेश मंडल जो कि पूर्ण रूप से स्थानीय कलाकारों द्वारा तैयार की जाती है तथा जनसामान्य को झांकी के विषय कथानक के लिए उत्सुकता के साथ-साथ प्रतिवर्ष सर्वाधिक लोकप्रियता के शिखर पर रहती है।

तिरंगा मंडल के संरक्षक सागर चितलांग्या झांकी निर्देशक आशिर्वादक गणेश प्रसाद शर्मा, गन्नू सर अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष श्री तिरंगा मंडल द्वारा प्राचीन धार्मिक विषय पर विशाल, झांकी तीन जीपो के साइज की प्रस्तुत की जा रही है। झांकी सृष्टि की रचना करने वाले त्रिदेवों श्री ब्रम्हा, श्री विष्णु, श्री महेश पर आधारित है। जिसमें श्री शिव श्री ब्रम्हा, श्री विष्णु जी व माता पार्वती पाताल भैरवी माता, सरस्वती माता, माता लक्ष्मी के साथ-साथ उनके परिवार श्री गणेश, श्री कार्तिकेय, श्री नारद, श्री गरूड़, श्री नंदी श्री हनुमान जी भी विराजित रहेंगे। इसके अलावा ब्रम्हा विष्णु महेश के बाल स्वरूप भी रहेंगे। 20 फीट का आकर्षण झांकी व विशाल प्लेटफार्म लाईटो से सुसज्जित रहेंगे। सभी मूर्तियों में आकर्षक मूविंग रहेंगी। झांकी के निर्माण में मूर्तिकार, राजा राजपूत, देवा रंगारी, मंच सज्जा विक्की पेंटर, अर्जुन यादव, जिया, शंकर, किसुन रजक, पवन मूविंग, श्याम दुर्ग, कैलाश साहू, लाईट आदित्य डेकोरेशन, कमलेश अवचट हमालपारा के साथ ही समिति, के जितेश सिमनकर, ज्ञानी मेश्राम, दिनेश खापर्डे, रजत भोईर, राजेश बाघमारे, संपत गुप्ता, नीलम मेश्राम, राजेश भोइर, अखिलेश ठावरे, संघप्रिय वासनिक, राहुल गौतम, युगल किशोर शर्मा,किशन रजक आदि का सहयोग रहा है।

तिरंगा मंडल के सभी सदस्यों ने संस्कारधानी वासियों से झांकी में पूर्व की तरह स्नेह, अशीष देकर सभी से झांकी के अवलोकन हेतु झांकी में शामिल होने का आग्रह किया है।

# डीजे की तेज आवाज से परेशान बुजुर्ग ने कर ली आत्महत्या

राजनांदगांव (दावा)। गणेश पूजा पंडाल में डीजे की तेज आवाज बुजुर्ग की मौत का कारण बन गया। भले ही यह घटना पड़ोसी जिले दुर्ग की है। लेकिन इस तरह के वाक़िए प्रायः हर जगह देखने को मिल रही हैं।

बताया जाता है कि गणेश पंडाल में तेज आवाज में बज रहे डीजे से वह बुजुर्ग इतना परेशान था कि उसे उक्त आवाज बर्दाश्त नहीं होने पर वह गणेश पंडाल में जाकर डीजे को तेज आवाज में बजाने से मना किया तो समिति के सदस्यों द्वारा अनुमति की कॉपी मुंह पर फेंक दी। यह बात उक्त बुजुर्ग को इतनी बुरी लगी की उसने घर में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पूरी घटना इस तरह है कि पड़ोसी दुर्ग जिले के पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के हथखोज शीतला पारा में गणेश पूजा पंडाल के साउंड सिस्टम की तेज आवाज से त्रस्त होकर 55 वर्षीय धन्नू लाल साहू ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक धन्नू लाल ने समिति के लोगों से कम आवाज में साउंड सिस्टम बजाने की मिन्नतें भी की थी, लेकिन किसी ने उसकी बात नहीं सुनी।

गणेश पूजा समिति अध्यक्ष ने मृतक धन्नू लाल के मुंह पर साउंड सिस्टम बजाने के लिए एसडीएम से मिली अनुमति की कॉपी फेंक दी। इस बात से दुखी होकर अधेड़ ने घर में फांसी लगा आत्महत्या की और एक सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें उसने गोल्डी वर्मा को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है।

बताया जाता है कि धन्नू लाल साहू के घर के ठीक सामने गणेश पंडाल बनाया गया है। वहां पर रोजाना तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजाया जाता है। तीन दिन पहले भी धन्नू लाल साहू व मोहल्ले के कुछ बुजुर्गों ने गणेशोत्सव समिति के पदाधिकारियों से मिलकर कम आवाज में साउंड सिस्टम बजाने के लिए कहा था। इस पर समिति के अध्यक्ष गोल्डी वर्मा ने आवाज कम करने से मना कर दिया था।

### पुलिस तक पहुंचा मामला

गणेश पंडाल में रात के समय भी जब तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजाया जा रहा था, जिस पर धन्नू लाल साहू ने आपत्ति की। इस पर विवाद शुरू हो गया। जिस पर स्थानीय लोगों ने डायल 112 को फोन करने पर पुलिस मौके पर पहुंची और साउंड सिस्टम को बंद करवा दिया। इसके बाद दोनों पक्ष के लोग थाना पहुंचे। जहां पर धन्नू लाल साहू ने अपनी परेशानी बताते हुए शिकायत की, लेकिन बाद में मोहल्ले वालों की मध्यस्थता के चलते वहां समझौता करवा दिया गया। लेकिन देर रात वहां से वापस लौटने के बाद गणेश समिति के गोल्डी वर्मा ने धन्नू लाल साहू के मुंह पर एसडीएम से मिली अनुमति की कॉपी फेंकते हुए कहा कि उसे साउंड सिस्टम बजाने की अनुमति मिली हुई है और वो तेज आवाज में ही साउंड सिस्टम बजाएगा। रात तीन बजे तक बहस चली। इसके बाद सभी लोग अपने अपने घर चले गए और धून्न लाल ने अपने घर पर जाकर फांसी लगा ली।

### बुजुर्ग का सुसाइड नोट

पीड़ित बुजुर्ग धन्नू लाल साहू ने सुसाइड नोट में लिखा है कि मैं गोल्डी वर्मा से काफी प्रताड़ित और परेशान हूं। मेरी मौत का जिम्मेदार वो ही और उसे सजा मिलनी चाहिए। साथ ही उसने अपने भतीजों को प्यार लिखा है। मृतक के बेटे नेतराम साहू ने चेतावनी दी है कि यदि गोल्डी वर्मा के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती तो मोहल्ले वालों के साथ मिलकर वो थाना घेराव करेंगे।

# कोतवाली पुलिस ने आदतन आरोपी को 25 आर्म्स एक्ट के तहत किया गिरफ्तार




**आरोपी से लोहे का धारदार चाकू जप्त भेजा गया जेल**

राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस ने अपने थाने क्षेत्र के आदतन आरोपी को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से धारदार चाकू जब्त कर उसे जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। वहीं पुलिस ने दो अनावेदकों के खिलाफ धारा 170/126, 135 (3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया है। कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि गणेश पर्व/झांकी विर्सजन के दौरान शहर में हुड़दंग कर उत्पात मचाने वाले असमाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

फिलहाल उनके द्वारा पकड़े गए आरोपियों में हर्षित सिंह उर्फ हरसु पिता सुखविंदर सिंह सरदार उम्र 24 वर्ष निवासी संगम चौक तुलसीपुर है वही दिनेश कुमार देवागंन उर्फ दिनेश खटिक पिता स्व. उत्तम लाल देवागंन उम्र 55 वर्ष निवासी दुर्गा चौक वार्ड नं. 37 व लक्की सोनवान पिता मनहरण सोनवान उम्र 19 वर्ष निवासी बैगापारा अटल आवास लखोली के खिलाफ कार्रवाई की है।

बताया जाता है कि मुखबीर से सूचना मिली कि हर्षित सिंह सरदार नामक व्यक्ति पुराना बस स्टैण्ड चैक फ्लाई ओव्हर के नीचे अपने पास चाकु रखा है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। कि सूचना पर मौका पहुंचकर आरोपी हर्षित सिंह उर्फ हरसु पिता सुखविंदर सिंह सरदार उम्र 24 वर्ष को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसके कब्जे से एक लोहे का धारदार चाकु जप्त कर न्यायालय पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल में दाखिल किया गया। आरोपी आदतन अपराधी है, पूर्व में हत्या के प्रयास व मारपीट जैसे घटनाओं में जेल जा चुका है।

इसी तरह शहर के भीड़भाड़ व भीतरी इलाके में दिनेश कुमार देवागंन उर्फ दिनेश खटिक व लक्की सोनवान थाना कोतवाली पुलिस की उपस्थिति में उत्पात मचाने समझाने पर नहीं मानने से धारा 170/126, 135 (3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। अनावेदक दिनेश कुमार देवागंन उर्फ दिनेश खटिक एक आदतन पॉकेटमार है, जिसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही नहीं किया जाता तो रात्रि में गणेश विर्सजन झांकी के दौरान आवश्य ही पॉकेटमारी करता। आगे भी शांति व्यवस्था भंग करने वाले असमाजिक तत्वों पर अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक बलदाऊ चंद्राकर, प्र.आर. जी. सीरिल कुमार, संदीप चौहान, आरक्षक रंजीत चैरसिया, भुनेश्वर जायसी एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# चाकूधारी बदमाश को पुलिस ने धर दबोचा



**आदतन शराब कोचिया पर भी की गई कार्यवाही**

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में चाकू वाली बदमाश को धर दबोचा है। वहीं आदतन अवैध शराब कोचिया पर कार्रवाई की है। कार्यवाही अभियान में सोमवार 16 सितंबर को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति रमन बाजार तालाब के पास चाकू रख कर खड़ा है सूचना पर मौके पर पहुंचकर मुखबीर के बताये हुलिया अनुसार घेराबंदी कर आरोपी करण सिंह जुनेजा पिता स्व. दुर्जन सिंह जुनेजा उम्र 22 साल निवासी बजरंगपुर नवागांव बाबूटोला वार्ड नं. 01 पुलिस चौकी चिखली को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक बटनची धारदार चाकू को जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विधिवत कार्यवाही कर न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

इसी प्रकार अभियान के दौरान मुखबीर सूचना काई तालाब मोतीपुर के पास अवैध शराब रखकर बिक्री की सूचना पर तत्काल टीम तैयार कर मौके पर घेराबंदी दबिश दी गई। जहॉ पर अवैध शराब ब्रिक्री करते प्राणनाथ जंघेल पिता स्व. प्रीतलाल जंघेल उम्र 63 साल निवासी मोतीपुर वार्ड नं. 8 पुलिस चौकी चिखली को पकडा गया और आरोपी के कब्जे से 17 पौवा युनिक देशी प्लेन शराब कुल 3060 एमएल और शराब बिक्री रकम 100 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम अनेक मामले दर्ज है।

# सुमति मंडल पौराणिक प्रसंग में त्रिपुरासुर वध की झांकी





राजनांदगांव (दावा)। सुमति मंडल कामठी लाइन अपने स्थापना के 102 वें वर्ष में 'त्रिपुरासुर वध' की भव्य विसर्जन झांकी आम जनता के दर्शनार्थ प्रस्तुत करने जा रहा है। प्रारंभ से ही सुमति मंडल की विसर्जन झांकीयां पौराणिक कथाओं पर आधारित रही है। इस वर्ष वरिष्ठ सदस्यों के नेतृत्व में युवा टीम की सक्रियता से श्री गणेश की स्थापना बड़ी धूमधाम से की गई। स्थापना के दूसरे दिन से ही प्रतिदिन रात्रि आरती के पश्चात गर्मागर्म स्वादिष्ट प्रसादी आम श्रद्धालु भक्तो को प्रदान की जा रही है। विसर्जन झांकी की कथा इस प्रकार है -

भगवान शिव ने अपने एक ही बाण से तीनो घूमती हुई पुरियो (नगर) को जलाकर भस्म कर दिया था। असुर बालि की कृपा प्राप्त त्रिपुरासुर भयंकर असुर बन गया था। महाभारत के कर्ण पर्व में त्रिपुरासुर के वध की कथा बड़े विस्तार से मिलती है। भगवान कार्तिकेय द्वारा तारकासुर का वध करने के बाद उसके तीनों पुत्रों ने देवताओं से बदला लेने का प्रण कर लिया। तीनों पुत्र तपस्या करने के लिए जंगल में चले गए और हजारों वर्ष तक अत्यंत दुष्कर तप करके ब्रह्माजी को प्रसन्न किया। तीनों ने ब्रह्माजी से अमरता का वरदान मांगा। ब्रह्माजी ने उन्हें मना कर दिया और कहने लगे कि कोई ऐसी शर्त रख लो, जो अत्यंत कठिन हो। उस शर्त के पूरा होने पर ही तुम्हारी मृत्यु हो। तीनों ने खूब विचार कर, ब्रह्माजी से वरदान मांगा- हे प्रभु! आप हमारे लिए तीन पुरियों (नगरों) का निर्माण कर दें और वे तीनों पुरियां जब अभिजित् नक्षत्र में एक पंक्ति में खड़ी हों और कोई क्रोध के बिना अत्यंत शांत अवस्था में असंभव रथ और असंभव बाण का सहारा लेकर हमें मारना चाहे, तब हमारी मृत्यु हो। ब्रह्माजी ने कहा- तथास्तु!

शर्त के अनुसार उन्हें तीन पुरियां (नगर) प्रदान की गईं। तारकाक्ष के लिए स्वर्णपुरी, कमलाक्ष के लिए रजतपुरी और विद्युन्माली के लिए लौहपुरी का निर्माण विश्वकर्मा ने कर दिया। इन तीनों असुरों को ही त्रिपुरासुर कहा जाता था। इन तीनों भाइयों ने इन पुरियों में रहते हुए सातों लोको को आतंकित कर दिया। वे जहां भी जाते समस्त सत्पुरुषों को सताते रहते। यहां तक कि उन्होंने देवताओं को भी, उनके लोकों से बाहर निकाल दिया। सभी देवताओं ने मिलकर के अपना सारा बल लगाया, लेकिन त्रिपुरासुर का प्रतिकार नहीं कर सके और अंत में सभी देवताओं को तीनों से छुप-छुपकर रहना पड़ा। अंत में सभी को शिव की शरण में जाना पड़ा। भगवान् शंकर ने कहा-सब मिलकर के प्रयास क्यों नहीं करते देवताओं ने कहा- यह हम करके देख चुके हैं। तब शिव ने कहा- मैं अपना आधा बल तुम्हें देता हूं और तुम फिर प्रयास करके देखो, लेकिन सम्पूर्ण देवता सदाशिव के आधे बल को सम्हालने में असमर्थ रहे। तब शिव ने स्वयं त्रिपुरासुर का संहार करने का संकल्प लिया।

0 त्रिपुरासुर का वध

सभी देवताओं ने शिव को अपना-अपना आधा बल समर्पित कर दिया। अब उनके लिए रथ और धनुष बाण की तैयारी होने लगी जिससे रणस्थल पर पहुंचकर तीनों असुरों का संहार किया जा सके। इस असंभव रथ का पुराणों में विस्तार से वर्णन मिलता है। पृथ्वी को ही भगवान् ने रथ बनाया, सूर्य और चन्द्रमा पहिए बन गए, सृष्टा सारथी बने, विष्णु बाण, मेरूपर्वत धनुष और वासुकी बने उस धनुष की डोर। इस प्रकार असंभव रथ तैयार हुआ और संहार की सारी लीला रची गई। जिस समय भगवान् उस रथ पर सवार हुए, तब सकल देवताओं के द्वारा सम्हाला हुआ वह रथ भी डगमगाने लगा। तभी विष्णु भगवान् वृषभ बनकर उस रथ में जा जुड़े। उन घोड़ों और वृषभ की पीठ पर सवार होकर महादेव ने उस असुर नगर को देखा और पाशुपत अस्त्र का संधान कर, तीनों पुरों को एकत्र होने का संकल्प करने लगे। उस अमोघ बाण में विष्णु, वायु, अग्नि और यम चारों ही समाहित थे। अभिजित् नक्षत्र में उन तीनों पुरियों के एकत्रित होते ही भगवान शंकर ने अपने बाण से पुरियों को जलाकर भस्म कर दिया और तब से ही भगवान शंकर त्रिपुरांतक बन गए। त्रिपुरासुर को जलाकर भस्म करने के बाद भोले रुद्र का हृदय द्रवित हो उठा और उनकी आंख से आंसू टपक गए। आंसू जहां गिरे वहां 'रुद्राक्ष' का वृक्ष उग आया। 'रुद्र' का अर्थ शिव और 'अक्ष' का आंख अथवा आत्मा है। इसी युद्ध के समय राक्षसों के भक्षण के लिए श्री गणेश ने पंचमुखी स्वरूप में अवतार लिया था, झांकी में श्री गणेश की पंचमुखी प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। झांकी दो जीप में भव्य स्वरूप में प्रस्तुत की गई है। आकर्षक अनेक विशाल मूर्तियां मूविंग करती हुई प्रदर्शित होगी। जो दर्शनार्थियों के मन को मोह लेगी।

## अनमोल दावा

> **सिर्फ उतना ही विनम्र बनो जितना जरूरी हो, वेवजह की विनम्रता दूसरो के अहम को बढ़ावा देती है.......**

# मत प्रचार की स्वतंत्रता पर हो पुनर्विचार...

भारत के प्रत्येक नागरिक को किसी मत या पंथ को मानने या न मानने या फिर किसी भी मत से जुड़ने का अधिकार संविधान देता है, पर किसी प्रलोभन या गलतफहमी में योजनाबद्ध रूप से किसी तरह के मतांतरण को अपराध माना गया है। इस आलोक में उत्तर प्रदेश की एक विशेष अदालत द्वारा हाल में अवैध मत परिवर्तन के मामले में दोषी करार दिए गए 12 लोगों को उम्रकैद और चार अन्य दोषियों को 10-10 वर्ष कैद की सजा सुनाना महत्वपूर्ण है। कोर्ट के मुताबिक, उमर गौतम और अन्य अभियुक्त एक साजिश के तहत धार्मिक उन्माद, वैमनस्य और नफरत फैलाकर देशभर में अवैध मतांतरण का गिरोह चला रहे थे। उनके तार कई दूसरे देशों से भी जुड़े थे। वे हवाला के जरिये विदेश से धन भेजे जाने के मामले में भी लिप्त थे। वे देश में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं और दिव्यांगों को लालच देकर और उन पर अनुचित दबाव बनाकर बड़े पैमाने पर उनका मत परिवर्तन करा रहे थे।

उमर गौतम को मुफ्ती काजी जहांगीर आलम कासमी के साथ 2021 में दिल्ली के जामिया नगर से गिरफ्तार किया गया था। वह एक ऐसे अवैध संगठन का संचालन कर रहा था, जो उत्तर प्रदेश में मूक-बधिर छात्रों और गरीब लोगों को इस्लाम में मतांतरित कराने में शामिल था। उमर गौतम पहले हिंदू था, लेकिन उसने इस्लाम स्वीकार कर लिया और मतांतरण कराने के अवैध धंधे में सक्रिय हो गया। उसने करीब एक हजार गैर-मुस्लिम लोगों को इस्लाम में मतांतरित कराया। भारतीय संविधान धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जिसमें स्वेच्छा या स्वविवेक से मत बदलने का अधिकार भी शामिल है। संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 में धार्मिक स्वतंत्रता और मत बदलने के अधिकार की बात तो कही गई है, पर उमर गौतम और उसके साथी गरीबों को लालच देकर और जोर-जबरदस्ती से मतांतरण करवा रहे थे। गौतम और उसका गिरोह भूल गया था कि मत परिवर्तन सामाजिक एकता को कमजोर कर सकता है और समाज में भयंकर नफरत पैदा कर सकता है।

भारत में मत परिवर्तन एक संवेदनशील मुद्दा है, जिसमें कानूनी, धार्मिक और सामाजिक सभी पहलू शामिल हैं। कुछ साल पहले केरल के प्रतिष्ठित फिल्म निर्माता-निर्देशक अली अकबर और उनकी ईसाई पत्नी लूसी अम्मा ने आर्य समाज में हवन के जरिये हिंदू धर्म अंगीकार कर लिया था। आर्य समाज के स्वामी जी द्वारा उनका नया नामकरण भी कर दिया गया। अली अकबर को नया नाम मिला था राम सिम्हन। हिंदू धर्म ही क्यों? यह प्रश्न पूछे जाने पर अली अकबर ने कहा था, 'क्योंकि हिंदू धर्म कोई धर्म नहीं, बल्कि एक संस्कृति है। यहां नर्क में जाने का डर नहीं है। आप एक इंसान की तरह जी सकते हैं, क्योंकि भगवान आपके अंदर हैं। अपने भीतर ईश्वर को देखना एक महान विचार है।' कहते हैं कि राम सिम्हन केरल में हिंदू धर्म अपनाने वाले पहले मुसलमान थे, लेकिन यह राम सिम्हन के स्वविवेकपूर्ण निर्णय को दर्शाता है। इस पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

किसी को लालच देकर या जोर जबरदस्ती मतांतरण करवाना तो कतई सही नहीं माना जा सकता है। समझ नहीं आता कि कुछ मतों से जुड़े लोग क्यों इसी फिराक में रहते हैं कि उनके मत से अन्य मतों को मानने वाले जुड़ जाएं। कई इस्लामिक और ईसाई संगठन इसी कोशिश में रहते हैं कि दूसरे मत को मानने वाले उनके मजहब का हिस्सा बन जाएं? यह कोई बात हुई क्या? फिर यदि बाकी मतों को मानने वाले लोग भी यही करने लगें तो समाज में भाईचारा कहां और कैसे बचा रहेगा। अगर कोई अपने मन से उस मत को त्याग देता है, जिसमें उसका जन्म हुआ है तब तो कोई बात नहीं है। संगीत निर्देशक एआर रहमान का ही उदाहरण लें, जिन्होंने खुद ही हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम स्वीकार कर लिया। उनके परिवार के बाकी सदस्यों ने भी इस्लाम अपना लिया। यहां तक तो सब ठीक है, पर कुछ तत्व सुदूर इलाकों में रहने वालों को अपने पाले में लाने के जुगाड़ में रहते हैं। इस सबकी तो हमारा संविधान अनुमति नहीं देता।

जब उमर गौतम जैसों पर कार्रवाई होती है तो कुछ कथित बुद्धिजीवी प्रलाप करने लगते हैं। पिछले कई वर्षों से पंजाब से खबरें आ रही हैं कि राज्य में दलित सिखों को लालच देकर ईसाई मत से जोड़ा जा रहा है। यह सवाल अपने आप में बेहद महत्वपूर्ण है कि क्या भारत में मत प्रचार की अनुमति जारी रहनी चाहिए? कभी-कभी लगता है कि इस मसले पर देश में बहस हो ही जाए कि क्या भारत में मत प्रचार की स्वतंत्रता जारी रहे अथवा नहीं? देखा जाए तो केवल मत पालन की स्वतंत्रता होनी चाहिए। मत के प्रचार-प्रसार की छूट की कोई आवश्यकता ही नहीं। मत कोई दुकान या व्यापार तो है नहीं जिसका प्रचार-प्रसार करना जरूरी हो।

अगर हम इतिहास के पन्नों को खंगालें तो देखते हैं कि भारत के संविधान निर्माताओं ने सभी धार्मिक समुदायों को अपने मत के प्रचार की छूट दी थी। क्या इसकी कोई आवश्यकता थी? बेशक भारत में ईसाई मत की तरफ से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ठोस और ईमानदारी से काम किया गया है, पर कहने वाले कहते हैं कि उस सेवा की आड़ में मतांतरण का ही उसका मुख्य लक्ष्य रहा है। उधर इस्लाम का प्रचार करने वाले बिना कुछ किए ही मतांतरण करवाने के मौके खोजते हैं। हालांकि मुसलमानों की शिक्षण संस्था अंजुमन इस्लाम ने भी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। अब आप देखें कि आर्य समाज, सनातन धर्म और सिखों की तरफ से देश में सैकड़ों स्कूल, कॉलेज और अस्पताल वगैरह चल रहे हैं, लेकिन इन्होंने किसी ईसाई या मुसलमान के मतांतरण का कभी प्रयास नहीं किया। लोगों को अपने मत को मानने की तो अनुमति होनी चाहिए, पर अपने मत का प्रचार करने या मतांतरण करने की इजाजत तो नहीं दी जा सकती।

# वास्तु, शिल्प और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा

**- सुरेश सिंह बैस शाश्वत**



भगवान विश्वकर्मा को देवशिल्पी यानी की देवताओं के वास्तुकार के रूप में पूजा जाता है। त्रिलोका या त्रिपक्षीय उन्हें त्रिलोका या त्रिपक्षीय युग का भी निर्माता माना जाता है। साथ ही विश्वकर्मा जी में अपने शक्ति से देवताओं के उड़ान रथ, महल और हथियार का भी निर्माण किया था। यहाँ तक की रावण की लंका और कृष्ण की द्वारका पुरी जगन्नाथ जी का मंदिर और ना जाने कितने शिल्पों को साकार और निर्मित किया था। ये सभी विश्वकर्मा भगवान द्वारा ही बनाया गया था, न सिर्फ स्वर्ग बल्कि उन्हें इस पूरे सृष्टि का निर्माता माना जाता है। उन्होंने सत्ययुग में सोने की लंका जहाँ असुरराज रावण रहा करता था, त्रेता युग में द्वारका शहर, जहाँ श्री कृष्ण थे, द्वापर युग में हस्तिनापुर शहर का निर्माण जो पांडवों और कौरवों का राज्य था। इन सभी का निर्माण और वास्तु, शिल्प भगवान श्री विश्वकर्मा द्वारा किया गया। विश्वकर्मा पूजा लगभग सभी दफ्तरों और कार्यालयों में मनाया जाता है, परन्तु इंजिनियर, आर्किटेक्ट, चित्रकार, मैकेनिक, वेल्डिंग दुकान वालें या कारखानों में इसको मुख्य तौर से मनाया जाता है। इस दिन ऑफिस और कारखानों के लोग अपने कारखानों और कार्यालयों की अच्छे से साफ-सफाई करते हैं, और विश्वकर्मा भगवान के मिट्टी की मूर्तियों को पूजा के लिए सजाते हैं। घरों में भी लोग अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, घर और गाड़ी मोटर की पूजा करते हैं। उत्तर भारत में यह पूजा बड़े उल्लास के साथ मनाई जाती है। इस पूजा में आदि शिल्पकार और वास्तुकार 'भगवान विश्वककर्मा' की पूजा की जाती है। इस दिन सभी राजमिस्त्री, बुनकर, कारीगर जो लोहे और अन्य धातुओं से वस्तु निर्माण करते है, इंजीनियर, राजमिस्त्री, मजदूर, शिल्पकार, कामगार, हार्डवेयर, इलेक्ट्रिशियन, टेक्निशियन, ड्राइवर, बढ़ई, वेल्डर, मैकेनिक, सभी औद्योगिक घराने के लोग इस पूजा को बड़े धूमधाम से मनाते हैं। इस दिन कारखानों, वर्कशाप की साफ़ सफाई की जाती है। गुब्बारे, रंग बिरंगे कागजों से कार्यस्थल को सजाया जाता है। औजारों की सफाई, रंगाई पुताई की जाती है।



सभी लोग सुबह नहाकर पूजा स्थल पर भगवान विश्वकर्मा की फोटो लगाते हैं। उस पर फूल माला चढ़ाते हैं। धूप, दीपक, अगरबत्ती जलाकर उनकी पूरी विधि विधान से पूजा करते हैं। सर्वप्रथम पूजा के समय यह मंत्र बोलकर भगवान विश्वकर्मा का आह्वान करते हैं श्री श्रीष्टिनतया सर्वसिधहया विश्वकरमाया नमो नमः मंत्र का उच्चारण पूरा कर हवन करने के बाद आरती पढ़ते है। फिर सभी को प्रसाद दिया जाता है।

सभी कारीगरों को इस पूजा का इंतजार रहता है। इस दिन दुकान या फैक्ट्री में काम नही होता है। सिर्फ पूजा की जाती है। इस पूजा के अगले दिन 'भगवान विश्वककर्मा' की मूर्ति स्थापित की जाती है। फिर भगवान से आशीर्वाद मांगते है और कहते है की शिल्प करते समय, कोई भवन, इमारत बनाते समय कोई दुर्घटना न हो। इस दिन श्रम की पूजा भी की जाती है। बिना श्रम के कुछ भी नया निर्माण कर पाना संभव नही है।

शास्त्रों में ऐसा कहा गया है कि भगवान विष्णु की नाभि- कमल से ब्रह्मा जी उत्पन्न हुए थे। उन्होंने सृष्टि की रचना की। उनके पुत्र धर्म के सातवें पुत्र थे भगवान विश्वककर्मा। उनको जन्म से ही वास्तुकला में महारत प्राप्त थी इसलिए मनुष्य के जीवन में सदैव विश्वकर्मा पूजा का महत्व है। यदि मनुष्य के पास शिल्प ज्ञान न हो तो वह कोई भी भवन, इमारत नही बना पायेगा। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को 'वास्तुशास्त्र का देवता' भी कहा जाता है। इनको 'प्रथम इंजीनियर', 'देवताओं का इंजीनियर' और 'मशीन का देवता' भी कहा जाता है।

विष्णुपुराण में विश्वकर्मा को देवताओं का 'देव बढ़ई' कहा गया है। यह पूजा करने से अनेक फायदे है। इससे व्यापार में तरक्की होती है। पूजा करने से मशीन खराब नही होती है। व्यापार में दिन दूनी रात चौगुनी वृद्धि होती है। जिस व्यक्ति के पास एक कारखाना होता है, उसके पास अनेक कारखाने हो जाते हैं।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 261 : कैकेई ने अपने विवाह के समय की बातों को लेकर राजा दशरथ पर आक्षेप किया

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



रानी कैकेई ने कहा, 'मोह की पट्टी मैंने नहीं, अपनी आंखों पर आपने बांध रखी है महाराज। मैंने तो सुना था कि आपने विवाह के पूर्व मेरे पिताजी को भी कोई वचन दिया था। मैं उस वचन की गहराई में नहीं जाना चाहती, लेकिन अगर यह सच है तो आपको अब हर चीज का विस्मरण होने लगा है।

मुझे तो यह बताया गया था कि आपने अपने दो विवाहों के बाद भी संतान का जन्म नहीं होने पर कैकेय नरेश से यह कहा था कि कैकेई से विवाह के बाद अयोध्या को उसका उत्तराधिकारी प्राप्त होगा। क्या इसका यह अर्थ नहीं था कि कैकेई का पुत्र अयोध्या का राजा होगा?' कैकेई के वचनों से आहत होते हुए राजा दशरथ ने कहा, 'तुमसे विवाह सशर्त नहीं था गांधारी! पंचनद क्षेत्र के पार मेरी यात्रा के समय जो परिस्थिति उत्पन्न हुई थी, उसमें अयोध्या और कैकेय राज्य के मध्य हुए मैत्रीपूर्ण संबंध का प्रतीक था यह विवाह। तुमसे विवाह के बाद राज्य के उत्तराधिकारी का जन्म होगा, यह मेरा कोई आश्वासन नहीं था बल्कि महाराज अश्वपति से भेंट के समय वहां उपस्थित एक सभासद की टिप्पणी थी। उस टिप्पणी का भी अर्थ राज्य के उत्तराधिकारी के जन्म से था, तुम्हारे पुत्र के उत्तराधिकारी बनने को लेकर नहीं था। अगर सचमुच मैंने ऐसा कहा होता तो महाराज अश्वपति या तुम्हारे भ्राता युधाजित चारों कुमारों के जन्म के बाद मुझसे इस विषय में चर्चा कर चुके होते। आज तुम्हारे द्वारा यह प्रश्न उठाने के बाद स्पष्ट हो गया है कि यह विवाह तुम्हारी इच्छा के विरुद्ध हुआ था।'

रानी कैकेई राजा दशरथ से प्रेम करती थीं। उन्होंने तुरंत प्रतिवाद किया, 'ऐसा नहीं है महाराज! अयोध्या नरेश से विवाह मेरा सौभाग्य था। स्वयं आपके किसी वचन के संबंध में मैंने भी पिताश्री से कोई चर्चा कभी नहीं की।'

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पना दृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

# जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव

**अजय दीक्षित**

कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव होते हैं । अभी मात्र हरियाणा और जम्मूकश्मीर में चुनाव की तारीखों का ऐलान हुआ है । पिछली बार महाराष्ट्र के चुनाव हरियाणा के साथ हुये थे । महाराष्ट्र की विधानसभा हरियाणा की विधानसभा के 22-23 डिन बाद खत्म हो जायेगी । विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं कि महाराष्ट्र में सत्ताधारी तीन पार्टियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर उलझ है । असल में अभी शिवसेना (शिंदे) का मुख्यमंत्री है । देवेन्द्र फडणवीस पूरे मुख्यमंत्री थे । परन्तु केन्द्र के निर्देश पर पुणे उपमुख्यमंत्री पद संभालना पड़ रहा है । अजित गुट भी अभी त्रिशंकु की स्थिति में हैं । उसका कोई नुमाइंदा केन्द्रीय मंत्रिमंडल में जगह नहीं पा सका है । भाजपा चाहती है कि महाराष्ट्र में उनकी पार्टी का मुख्यमंत्री हों। यह शिंदे गुट को पसंद नहीं आयेगा। तो वह असमंजस में है । शिंदे गुट कांग्रेस या शरद गुट एन.सी.पी. से समझौता नहीं कर सकती। अजित गुट इतनी सीटें नहीं जीतेगा कि वह गठबंधन करके सरकार बना लें।





पिछले दिनों गृहमंत्री अमित शाह दो दिन के दौरे पर जम्मू कश्मीर रही थे । उन्होंने घोषणा की है कि अगली सरकार उनकी ही बनेगी । असल में उन्हें जम्मू के हिन्दू वोटों पर भरोसा है । कश्मीर में तो उन्होंने पहले चरण के चुनाव में पांच-सात सीटों पर अपना उम्मीदवार ही नहीं खड़ा किया है । असल में वहां हिन्दू उम्मीदवार मिलना कठिन है । मिल भी जाए तो वह जीतेगा नहीं और मुसलमान उनकी पार्टी में बड़ी संख्या में शामिल नहीं है । जो मुसलमान भाजपा में शामिल हैं, उनके बहुत बड़ा वोट बैंक नहीं है। यही बीजेपी की दुविधा है । जिस प्रकार योगी आदित्यनाथ और डॉ. मोहन यादव हिन्दुत्व की बात करते हैं उस सिद्धांत को देखते हुए भी ज्यादा मुसलमान भाजपा में नहीं जायेंगे । गुलाम नबी आजाद से भाजपा गठबंधन कर सकती है, परन्तु गुलाम नबी आजाद काफी ज्यादा सीटें नहीं जीत पाएंगे । उनकी पार्टी के पास काडर ही नहीं है । लगता है कि वे अकेले उसे पार्टी के सर्वेसर्वा हैं ।

गृहमंत्री ने कहा है कि उनकी पार्टी की सरकार बनने पर हिन्दू पंडितों की वापसी होगी और पर्यटन में बढ़ावा देकर रोजगार सर्जित होंगे । अब पांच साल से 370 हटने के बाद उपराज्यपाल सरकार चला रहे हैं । तो इन पांच सालों में कितने कश्मीरी पंडितों की वापसी हुई है । जहां तक पर्यटन का सवाल है आप कश्मीर में.ए.सी. चलने लगे हैं तो पर्यटक क्यों कश्मीर जायेंगे । वैसे भी वहां बाहरी लोग आतंकवादियों की निशाने पर हैं, तो लोग आशंकित रहते हैं । असल में प्रकृति के साथ छेड़-छाड़ के कारण न केवल कश्मीर बल्कि मसूरी, नैनीताल में भी अब लोग पंखे चलाते हैं । शायद अगले कुछ सालों में ए.सी. भी चलने लगे । कश्मीर में सेब की उपज भी कम हो रही है । अतः पर्यटन अब ज्यादा संख्या में कश्मीर का रुख नहीं करेंगे ।

बेरोज़गारी पूरे भारत की समस्या है । यह केवल कश्मीर की बात नहीं है । कश्मीर की झील में अब जलकुंभी उगने लगी है । लोग झील में कूड़ा फेंक रहे हैं । इन सब कारणों से पर्यटन से रोजगार की समस्या कठिन है । असल में भारत की राजनीति में अब परस्पर वार्ता खत्म हो गई है । कांग्रेस बीजेपी को कोसती है । भाजपा के प्रवक्ता राहुल गांधी को पप्पू कहते हैं या ये दो लड़के (मतलब राहुल गांधी और अखिलेश यादव) असल में कश्मीर की समस्या के लिए वहां के बुद्धिजीवियों को साथ लेना होगा । क्या यह संभव है कि मेहबूबा और फारूक अब्दुल्ला के साथ भाजपा की वार्ता हो सके और फिर मिलकर कश्मीर के विकास पर बात हो । कश्मीर की समस्या इतनी आसान नहीं है जितनी दिखलाई पड़ती है । सबके सहयोग से ही रास्ता निकलेगा ।

## सामयिक चर्चा

# सास-बहू भी एक राष्ट्र, एक चुनाव के पक्ष में

खबर पढ़कर
बानी बोले - ''गजाधर!
'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल
इसी कार्यकाल में लाएगी
मोदी सरकार।
गजाधर मुस्कराए, बोले -
बानी! बिल के समर्थन में
मै भी अपना हाथ उठाता हूँ यार!'
तभी रसोई घर से
बानी भाभी आई
साथ में अपनी बहू को भी लाई।
बहू तो चुपचाप पीछे खड़ी रही
बानी भाभी में आगे बढ़कर
अपनी बात कही -
'गज्जू भाई साहब! हम दोनों भी
मोदी सरकार के
एक राष्ट्र-एक चुनाव के बिल के
पक्ष में हम भी अभी से
अपना वोट करती हैं!''
बानी कह उठे- 'तुम्हे चुनाव से क्या?'
बानी भाभी झिड़क उठी-
'और मै कहती हूँ तुम्हे क्या?
मालूम, जब बब्बू की बारह गान
दो-दो बार चुनाव ड्यूटी लगती है
तो हम दोनों को भी दो-दो बार
तैयारी करनी पड़ती है।
देखो, झिल्ली में अचार बाँधकर,
मैं एकदम सबेरे से,
सब्जी-पूड़ी बनाने में भिड़ जाती हूँ,
तो बहू याद कर-कर, जरूरी सामान
सूटकेस में रखते-रखते,
परेशान हो, बब्बू से कहती है,-
आती हूँ, बाबा! आती हूँ।'



-गिरीश बख्शी

## कविता


# बेटी पढ़ेगी तो संस्कार मिलेगा

बेटी पढ़ेगी तो संस्कार मिलेगा
जीने का उसे आधार मिलेगा।
बेटी को अच्छे से खूब पढ़ाओं
बेटी को सक्षम, योग्य बनाओ।
बेटी सबल है, अबला न बनाओ
बेटी संबल है, सम्मान बढ़ाओ।
बेटी ही इस जगत में न्यारी है
बेटी से ही बनी दुनिया प्यारी है।
बेटी ही हमारी असल संतान है
बेटी से ही बनता बेटा महान है।
बेटी से ही होता घर उजियारा है
बेटी से ही होता परिवार प्यारा है।
बेटी ही हमारे घर की मुस्कान है
बेटी से ही मिलता हमें सम्मान है।




– अशोक पटेल ''आशु''
तुस्मा, शिवरीनारायण ( छ.ग. )
मो. नं.– 9827874578

## राशिफल




**मेष**
आज आपका दिन शुभ रहने वाला है। अध्ययन और अध्यापन से जुड़े लोगों का दिन आज शानदार रहने वाला हैं। आपको जल्द ही बड़ी सफलता मिलने वाली है। अगर आप अपनी पढ़ाई पूरी कर चुके हैं, तो आपको किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर मिल सकता है। सिविल सेवा करने वाले जातक आज कुछ नया करेंगे।



**वृषभ**
आज आपके लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपको नौकरी में तरक्की के साथ-साथ आपकी इनकम में इन्क्रीमेंट होने के योग हैं। आपका पारिवारिक जीवन अत्यंत सुखद रहने वाला है। आप अपने लक्ष्य को पाने के लिए तत्पर रहेंगे। आपके वैवाहिक जीवन में सुंदर तालमेल रहेगा। आज आप आनंद पूर्वक दिन बिताएंगे।



**मिथुन**
आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यस्थल पर अफसरों के साथ सद्भाव बनाकर रखेंगे। आपको तरक्की के मौके मिलेंगे। आप अपनी कड़ी मेहनत और सकारात्मक व्यवहार के जरिए कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलेंगे।



**कर्क**
आज आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आप किसी खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं। बिजनेस करने वालों को किसी अच्छी कंपनी से जुड़कर बिजनेस को बढ़ाने का सुनहरा मौका मिलेगा। बिजनेस से रिलेटेड यात्रा करनी पड़ेगी। आज आप कुछ अनुभवी लोगों से मिलेंगे।




**सिंह**
आज आपके लिए दिन पाज़िटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा। सीनियर्स आपके काम से प्रसन्न होंगे। आपके लिए पदोन्नति के आसार हैं। आपकी वेतन भी बढ़ सकती है। कार्यस्थल पर समझदारी पूर्वक लिए गए फैसले आपको बेहतर परिणाम देंगे।



**कन्या**
आज आपका दिन खास रहने वाला है। किसी पुरानी जमीन जायदाद से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपको सरकारी क्षेत्र में कोई अच्छी नौकरी मिलेगी। आप और आपका परिवार बहुत खुश होगा। आपकी आमदनी अच्छी रहेगी। आप अपने परिवार वालों को किसी बड़े रेस्टोरेंट में ट्रीट देंगे। लवमेट के लिए बेहतरीन समय है।



**तुला**
आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए विचार लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा। आपके बॉस आपको एप्रिशिएट करेंगे। आपके सगे संबंधी आपके सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। आप किसी मनपसंद जगह पर ट्रांसफर ले सकते हैं।




**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं आप अपने काम में कुछ परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं। दांपत्य रिश्ते को और मजबूत बनने के लिए जीवनसाथी को उपहार देंगे। इस दौरान आप नेगेटिव विचारों से बचें।




**धनु**
आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। शिक्षा से रिलेटेड आपकी कोई मनोकामना पूरी होगी। आपको परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ रिज़ल्ट मिलेंगे। अच्छे कॉलेज में आप एडमिशन पाएंगे। आगे चलकर आपको नये सुनहरे अवसर मिलने की संभावना बढ़ेगी। आप अपने खानपान पर ध्यान रखेंगे।



**मकर**
आज आपका दिन पाज़िटिव रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में बनाई गई योजनाएं कारगर साबित होंगी। आपके लिए धन लाभ की संभावना बढ़ेगी?। मास इन मीडिया कम्युनिकेशन के छात्रों के लिए खास अवसर मिलने की संभावना है। आपके अंदर कलात्मक चीजों के प्रति उत्साह पैदा होगा।



**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। नौकरी ढूंढ रहे युवाओं को अच्छी नौकरी मिलने के योग हैं। प्रापर्टी डीलर का काम करने वालों के कामकाज बेहतर रहेंगे। मास्टर डिग्री ले रहे हैं तो आपको कैंपस सलेक्शन में अच्छी नौकरी मिल सकती हैं। आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी।



**मीन**
आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। आपको किसी अच्छी कंपनी से जॉब के लिए ऑफर मिलेगा। जिससे आपका फ्यूचर सिक्योर होगा। आपकी मेहनत के अच्छे परिणाम मिलेंगे। आपके काम करने के तरीकों में बदलाव आएगा। आपका वैवाहिक जीवन खुशियों से भरपूर रहेगा। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

## शब्द सामर्थ्य -180

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**
2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोंचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 179 का हल



# मोंगरा अम्बागढ़ चौकी में रामधुनी कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद संतोष पाडेय

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। विकासखंड के ग्राम मोंगरा में 2 दिवसीय रामधूनी कार्यक्रम के समापन समारोह में राजनादगाव के सांसद संतोष पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव संजीव शाह विशेष अतिथि अरुण यादव सदस्य जिला पंचायत सृरुघ्न चुरेन्द्र मंडल अध्यक्ष भाजपा कोड़ीकसा राजेश सिंगी पूर्व जिला मंत्री भाजपा गुलाब गोस्वामी मंडल अध्यक्ष अम्बागढ़ चौकी मंडल मनोज कोरेटी या सरपंच अर्जकुण्ड नोहर धनंजय सरपंच गौलीटोला जनक सोनवानी महामंत्री भाजपा कोड़ीकसा उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संजीव शाह से ग्राम में विगत 70 वर्षो से लगातार हो रहे रामधूनी कार्यक्रम के लिए बधाई शुभकामनायें दी, साथ ही उन्होंने मोगरा बैरज बनाने एवं पुरे छत्तीसगढ़ में मोंगरा का नाम रोशन करने के लिए पूर्व मुख्यमत्री डॉ.रमन सिंह को बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाये दीं।

**सामुदायिक भवन के लिए किये 5 लाख की घोषणा**



कांग्रेस सरकार 50 साल तक केवल मोगरा बाँध के लिए सर्वे ही करती रही, भाजपा सरकार बनते ही डॉ.रमन सिंह ने मोगरा बैरज को बनवाकर मूर्त रूप दिया काग्रेस सरकार की कथनी और करनी में काफी अंतर है। भाजपा जो कहती है वह अवश्य करती है मुख्य अतिथि के आसन्दी से सांसद संतोष पांडेय ने इस धार्मिक कार्यक्रम रामधूनी कार्यक्रम जो विगत 70 साल से अनवरत किये जाने पर ग्रामवासी को बधाई शुभकामनाये दीं एवं केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की विभिन्न योजनाएं जैसे राशन वितरण, आयुष्मान कार्ड, घर-घर शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना से ग्रामीणों के पक्के मकान बनाने की जानकारी ली। ग्रामीणों बताया हमें राशन मिल रहा है तथा प्रधानमंत्री आवास योजना में लगभग 75 मकान बनाया गया है।

सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बात के लिए विशेष बधाई दीं कि उन्होंने देश में फैली सबसे बड़ी बिमारी कोरोना काल में प्रत्येक लोगों को मंहगी वेक्सीन लगवाकर लोगों के जान माल कि रक्षा कर पुरे देश विदेश में भारत का नाम रोशन किया। चाहे युक्रेन से छात्रों को वापस देश लाने कि बात हो या अभिनंदन को पाकिस्तान से लाने कि बात हो। ग्रामीणों कि माँग पर मोंगरा बैराज के समीप सामूदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख देने कि घोषणा की साथ ही मुजाल से बैरज जाने वाले सड़क 5 किलोमीटर डामरीकरण करवाने के लिए राज्य सरकार से बोलकर निर्माण करवाने कि बात कहीं। इस अवसर पर आलोक श्रोती महामंत्री भाजपा राजनांदगाँव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सांसद संतोष पांडेय ने स्वच्छता से सदस्यता अभियान के तहत युवाओं को डिजिटल सदस्य भाजपा का बनाया एवं बनाने कि अपील की ग्रामीणों ने सांसद को अपने बिच पाकर ग्रामवासिओं ने आत्मीय स्वागत किया कार्यक्रम के आयोजन में प्रमुख भूमिका रामकृष्ण चंद्रवंशी पूर्व जनपद अध्यक्ष अम्बागढ़ चौकी पन्ना लाल कुजाम पूर्व सरपंच वर्तमान सरपंच की रही। इस अवसर पर मोंगरा के एवं आसपास के गावों के लोग महिलाओं पुरुष एवं युवा वर्ग उपस्थित रहे वापस राजनांदगांव जाते समय अम्बागढ़ चौकी में राजेश सिंगी ने अवगत कराया कि भाजपा कार्यकर्ता आशीष द्विवेदी के पिता कि तबीयत खराब है उनसे मिलने सांसद आशीष द्विवेदी के निवास पहुंचकर मुलाकात कि उनके शीघ्र ही स्वस्थ लाभ होने कि कामना की उनके गंभीर बीमारी के इलाज हेतु हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।

# तहसील साहू संघ के मंच का लोकार्पण एवं सत्संग में शामिल हुए विधायकगण



डोंगरगढ़ (दावा)। विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल एवं डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू के कर कमलों द्वारा तहसील साहू संघ डोंगरगढ़ के मंच का लोकार्पण के साथ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल एवं दलेश्वर साहू ने सत्संग समारोह में सम्मलीत होकर साहू समाज के योगदान पर प्रकाश डाला। अपने-अपने उद्बोधन में विधायक ने कहा कि साहू समाज निरंतर धर्म और ज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। समाज को एकता के सूत्र में बांधने के लिए हमेशा प्रयास किया जाता है। साहू समाज के लोगों में हमेशा शांति, सद्भाव और भाईचारा बनाए रखने का संदेश दिया।

उक्त कार्यक्रम में जिला साहू संघ व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू उपस्थित रहे। उन्होंने भी अपना विचार रखा। इस कार्यक्रम में तहसील साहू समाज के अध्यक्ष हंसराज साहू, हेमन्त साहू, कुलदीप साहू, चुमन साहू, सरपंच श्रीमती मनीषा नेताम, श्रीमति लता साहू, श्रीमति सुजाता साहू, योधन साहू, फिरंगी पटेल, रेवा साहू, धरम साहू, भारत साहू, मदन साहू, घनश्याम साहू, टुमेश नेताम एवं बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे। तत्पश्चात विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ग्राम अछोली के स्व. चंदूलाल महंत एवं स्व. गुलशन साहू के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित किए तथा शोक संतप्त परिवार से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त किए।

# पहला कॉलम...

## गणेश विसर्जन पर भंडारा

खुज्जी (दावा)। शिवनगर खुज्जी में गणेश जी के हवन पूजन के पश्चात विशाल भंडारा का आयोजन गणेश समिति व्दारा 16 सितंबर को रखा गया है, यह जानकारी समिति के संचालक पुरुषोत्तम देवांगन व सदस्य राजीव यादव, रमेश सोनकर ने दी है, व आमजन से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भंडारा महाप्रसादी का लाभ उठावें।

## अर्जुनी के रितांशु एमबीबीएस के लिए चयनित



डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम अर्जुनी निवासी रितांशु चन्द्राकर का शासकीय मेडिकल कालेज अंबिकापुर में एमबीबीएस पढ़ाई के लिए चयन हुआ है। रोमेन्द्र कुमार चन्द्राकर एवं शशिकला चन्द्राकर के होनहार सुपुत्र रितांशु का 2024 बैच के इस चयन से ग्रामीणों तथा परिजनों में उत्साह का संचार हुआ है। रितांशु की प्राथमिक पढ़ाई ग्राम अर्जुनी में हुई, वहीं कक्षा 6वीं से 10वीं तक डोंगरगांव के भारतीय पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत रहे, जबकि 11वीं व 12वीं कक्षा के लिए अंबिकापुर प्रयास के लिए चयनित हुए। वहीं अब एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए भी शासकीय महाविद्यालय अंबिकापुर में चयन परिजनों में काफी हर्ष है।

## लीलाधर साहू छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन कार्यकारिणी के सदस्य बने



राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं समीपस्थ ग्राम मलपुरी के किसान लीलाधर साहू छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि गत 11 सितंबर को मुख्यमंत्री कार्यालय सिविल लाइन रायपुर में आयोजित संगठन की वार्षिक आमसभा व चुनाव में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अध्यक्ष बनाए गए हैं। इसके साथ ही उपाध्यक्ष, महासचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष, सलाहकार आदि पदों पर निर्वाचन हुआ। साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों का भी चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें लीलाधर साहू को लिया गया है। संगठन के चुनाव में टूर्नामेंट कमेटी और टेक्नीकल कमेटी भी बनाई गई है।

## भाजपा सदस्यता महाअभियान 2024 में पंडित कन्हैया सारस्वत ने ली सदस्यता



डोंगरगढ़(दावा)। भाजपा सदस्यता महाअभियान 2024 के दौरान डोंगरगढ़ शहर सदस्यता अभियान प्रभारी महेंद्र भाई पटेल के नेतृत्व में भागवताचार्य पंडित कन्हैया सारस्वत महराज को भाजपा की सदस्यता मोबाइल द्वारा ऑनलाइन प्रदान कराई गई। जिसमें सदस्यता सहप्रभारी विनीत यादव पूर्व शहर भाजपा महामंत्री विवेक मोनू भंडारी प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के बलविंदर विक्की भाटिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

## प्रान्त स्तरीय खेलकूद एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न



डोंगरगढ़(दावा)। सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति बिलासपुर द्वारा प्रान्त स्तरीय खेलकूद एथलेटिक्स प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनी जिला राजनांदगांव में 13 सितंबर से 15 सितंबर तक संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि दिनेश गाँधी (अध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत राज) अध्यक्षता रतन लाल चक्रधर, विशेष अतिथि श्रीमती बुंदा वर्मा (अध्यक्ष जिला ग्राम भारती राज), श्रीमती इंदुमती चुनेश्वर साहू (सभापति जिला पंचायत राज.) श्रीमती द्रोपदी साहू (सरपंच ग्राम पंचायत अर्जुनी), चिंताराम साहू (सह प्रांत प्रमुख छ.ग.), राजेश खाण्डेकर (सचिव जिला ग्राम भारती राज.) तिलक सिन्हा (कोषाध्यक्ष जि.ग्रा.भा.राज.), हंसराज साहू (अध्यक्ष स.शि.म. अर्जुनी), अलखराम साहू (व्यवस्थापक स.शि.म.अर्जुनी), पूर्व अध्यक्ष हेमराय सिन्हा की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस प्रतियोगिता में छ.ग. के 17 जिले से प्रतिभागी भैया बहने, संरक्षक आचार्य व निर्णायक 250 भैया बहने सम्मिलित रहे। जिसमें 100 मी., 200 मी, 400मी, 600मी दौड़, रिलेरेश, बाधा दौड़, ऊँचीकूद, लम्बीकूद, गोला फेंक, तवाफेंक खेल हुआ। इसे संपन्न कराने में 12 निर्णायक, जिला समन्वयक पूनमचन्द साहू, जिला शारीरिक प्रमुख धनीराम यादव रहें।

# छुरिया में धूमधाम से मनाया गया जश्न ए ईद मिलाद्दुनबी



छुरिया (दावा)। छुरिया में मुस्लिम समाज ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पैगम्बर हजरत साहब का जन्म दिन बड़ी धूमधाम से न्यायालय के आदेश का पालन करते हुये शांत माहौल में बिना किसी डी.जे. के अमन चैन के साथ मनाया। सभी मुस्लिम समाज के भाईयों ने कल से ही अपने घरों को लाईट और झंड़े से सजाया। सोमवार को सुबह 9 बजे से जामा मस्जिद से निकलकर युवा बच्चों ने आका की आमद के नारे लगाते हुये पूरे छुरिया नगर का भ्रमण किया जिसमें मुस्लिम समाज के भाईयों के अलावा दूसरे समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मुस्लिम समाज के लोगों को बधाई दी। रैली नगर भ्रमण करते हुये वापस जामा मस्जिद में आकर खतम हुई। रैली के नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह पानी एवं सिरनी वितरण की व्यवस्था भी की गई थी। मस्जिद में इमाम सद्दाम हुसैन ने परचम कुसाई की रश्म अदा की। मुस्लिम समाज के द्वारा मस्जिद में सलातो सलाम का नजराना पेश किया और पेश इमाम ने देश की एकता और अखण्डता और भाईचारा के लिये दुआ मांगी।

**न्यायालय के आदेश का किया पालन**

नगर भ्रमण करती हुई रैली में छुरिया पुलिस द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गई और पूरे रैली भ्रमण के दौरान पुलिस साथ रही। मुस्लिम समाज ने पुलिस प्रशासन का शुक्रिया अदा किया।

जश्न ए ईद मिलाद उन नबी के पाक मौके पर आज मदरसा में छोटी बच्चियों का नात खानी के साथ मजहबी सवाल जवाब का प्रोग्राम भी रखा गया है जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रोग्राम में भाग लेने वाले बच्चों को ईनाम से नवाजा गया। हुजुर के आमद के खास मौके पर जामा मस्जिद को नौजवानों द्वारा बेहतरीन ढंग से सजाया गया।

इस मौके पर सदर वसीम कुरैशी, अलीम खान, सिद्दीक कुरैशी, तौकीर अहमद, अहमद खान, मेराज रजा, सलमान खान, गफ्फार मेमन, अमीर खान, फरहान मेमन, कादर खान, सादिक खान, हासम अली, अकील मेमन, मुज्जम्मिल खान, अनवर खान, ईकबाल खान आकीर खान, साजिद खान, सफदर खान, असद कुरैशी, रेहान खान, अदनान मिर्जा, मो. तौहिद, एजाज खान, ईशान कुरैशी, मोफिज रहमान, मोहम्मद ग्यास, मो. असजद कुरैशी, मो. सैबान कुरैशी, मो. जुनैद कुरैशी, अवेश मेमन, मो. रेहान खान, मो. उजैर खान, जैश रजा, ईरशाद अहमद, अनस कुरैशी, ऐैफाज खान के अलावा मुस्लिम समाज के सभी लोगों ने हिस्सा लिया।

# गंडई संकुल में हुआ विदाई समारोह का आयोजन



गंडई पंडरिया (दावा)। नगर के संकुल केंद्र गंडई-1 में गत दिनों विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नव पदोन्नत प्रधान पाठकों को विदाई दी गई एवं नवनियुक्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। संकुल समन्वयक किशोर कुमार तिवारी एवं संकुल प्राचार्य पवन ददरिया के निर्देशन एवं संकुल परिवार के शिक्षकों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में नव पदोन्नत प्रधान पाठकों क्रमशः गांधी राम साहू, लोमश कुमार पटेल व सहेर बानो कुरैशी को डायरी पेन भेंटकर विदाई दी गई, साथ ही संकुल में आए प्रधान पाठकों एवं नवनियुक्त शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। इस दौरान नव पदोन्नत प्रधान पाठकों ने यादगार स्वरूप एक मोमेंटो संकुल परिवार को भेंट किया।

कार्यक्रम में संकुल के श्रीमती महालक्ष्मी ताम्रकार, रितेश जायसवाल, लखन दास रात्रे, निशु सिंह, राही सोनकर, मंजु साहू, जानसन एक्का, पूर्णेश वैष्णव, दीपक मिश्रा, आभा नामदेव, विरेंद्र सिरदार, पितांबर मेरावी, कांति मेरावी, ज्योति सोनी, गोलू मेरावी व रिशी चंदेल सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# बछेराभाटा मे हिंदी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ



कलकसा (दावा)। 14 सितंबर हिंदी दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत डॉ. अंबेडकर आदिवासी आश्रम बछेराभाटा मे हिंदी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमे 'हिंदी का बढ़ाए सम्मान' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आश्रम की संचालिका एवं समाजसेविका 'नलिनी मेश्राम' शाला के प्रधानाचार्य एस.जी.मेश्राम एवम समस्त शिक्षकों और विद्यार्थियों ने राजभाषा हिंदी का सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ाने का संकल्प लिया। इस मौके पर नलिनी मेश्राम ने हिंदी भाषा को आत्मसात करने पर बल देते हुए कहा कि हिंदी हमारा केवल गौरव ही नहीं बल्कि देश की विरासत भी है। इस भाषा को मजबूत किए बगैर हम कभी आगे नही बड़ सकते।

आश्रम की अधीक्षिका श्रीमति तरुणमनी ठाकुर ने हिंदी भाषा के सम्मान में कहा कि अगर देश को आगे ले जाना है तो सभी को हिंदी भाषा का सम्मान सबको करना होगा। शाला के विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से हिंदी भाषा, हमारी संस्कृति और राष्ट्रप्रेम की विभिन्न पहलुओं को दर्शाया, छात्रों ने हिंदी दिवस पर कविता और भाषण प्रस्तुत किए संगोष्ठी में छात्रों की तार्किक और वाक्पटुता से भरे विचारो ने सभी को प्रेरित किया। समारोह के अंत में साला के प्रधानाचार्य एस.जी.मेश्राम ने हिंदीं दिवस पर अपने विचार रखते हुए सभी छात्रों के प्रयासों की सराहना की और विद्यार्थियों के बीच हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता और गर्व की भावना को प्रोत्साहित किया साथ ही हिंदी भाषा ने देशवासियों की एकता और राष्ट्र की अखंडता को सशक्त बनाने का काम किया है।

# शास.उच्च.माध्य.शाला खुज्जी में हिन्दी दिवस समारोह का हुआ



साल्हे (दावा)। शास.उच्च.माध्य.शाला खुज्जी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, यूथ एवं ईको क्लब, स्काउट गाइड क्लब तथा छात्र संघ के संयुक्त तत्वाधान में हिन्दी दिवस पर विचार गोष्ठी तथा क्विज कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया।

हिन्दी विषय के व्याख्याता महेश ठाकुर और अनिल रामटेके ने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में हिन्दी भाषा की उपयोगिता एवं महत्व पर व्याख्यान दिया। इसी प्रकार सुषमा ऊके, सुमन शुक्ला, कीर्ति शर्मा, अर्जुन कुमार सोनी, मंदीप कौर भाटिया, रैना देवांगन आदि शिक्षकों ने भी हिन्दी भाषा की साहित्यिक गरिमा, महिमा, विश्व साहित्य में हिंदी भाषा का स्थान एवं भाषा के महत्व पर व्याख्यान दिया। प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू ने भी छात्रों को अन्य भाषाओं के कार्य साधक ज्ञान के साथ, साथ हिंदी भाषा के प्रति अधिकाधिक जिज्ञासु होने की बात कही तथा बताया कि हिंदी भाषा बड़ी सरल, सहज, प्रवाहमयी और सरस भाषा है जिससे जुड़ने पर अद्भुत आत्मिक आनंद की अनुभूति होती है।

छात्रों की ओर से छात्रसंघ उपाध्यक्ष लोमेश्वर साहू, छात्रा हिना सिन्हा, करीना चौरे, शिखा यादव, नेहा भंडारी, जिज्ञासा रामटेके, हेमलता साहू, प्रीति साहू आदि ने भी हिन्दी भाषा के गौरव पर अपने व्याख्यान दिए। इसी के दौरान छात्रों में हिन्दी भाषा पर क्विज कॉम्पिटिशन भी कराया गया जिसमे शाला नायक आदित्य रंगारी, कु. ऐश्वर्य, प्रियंका साहू, नेहा भंडारी विजेता रहे। पूरे कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन छात्र संघ प्रभारी व्याख्याता रूपेश नागपुरे ने किया। स्काउट गाइड प्रभारी श्रीमती राखी रामटेके और स्काउट गाइड इकाई का कार्यक्रम में सराहनीय योगदान रहा।

# अलग-अलग प्रकरण में कुल 68 नग देशी प्लेन पौवा के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार



डोंगरगढ़(दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री को रोकने हेतु मुहिम छेड़ी है।

इस अभियान के तहत अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य अड्डाबाजी, असामाजिक तत्वों पर कडी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी कडी में दिनांक 16 सितंबर को अवैध शराब बिक्री पर निम्न कार्यवाही किये गये हैं।

**पकड़े गए दो आरोपियों से 68 पौव्वा शराब जप्त**

अपराध क्र. 491/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट में आरोपी हर्षित बघेल पिता सुरेन्द्र बघेल उम्र 18 साल, निवासी इंदिरा नगर वार्ड नं. 5 डोंगरगढ़ को चौथना मोड़ पुल के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुये पकड़कर आरोपी से कुल 34 नग पौवा युनिक देशी प्लेन शराब कुल मात्रा 6.120 बल्क लीटर किमती 3060 रू. एवं शराब बिक्री रकम 200 रू. जुमला किमती 3260 रू. को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही किया गया है।

आरोपी नरेन्द्र कुमार पिता सालिक राम साहू उम्र- 32 साल निवासी बुधवारी पारा वार्ड नं. 15 न्यु सब्जी मंडी डोंगरगढ़ को ग्राम भैंसरा चौक पुल के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुये पकड़कर आरोपी से कुल 34 नग पौवा युनिक देशी प्लेन शराब कुल मात्रा 6.120 बल्क लीटर किमती- 3060 रू. एवं शराब बिक्री रकम 200 रू. जुमला किमती 3260 रू. को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही किय गया है। इस प्रकार डोंगरगढ़ पुलिस अपने क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। अवैध शराब के कारोबारी पर सतत् निगाह रखी जा रही है। आगे भी असमाजिक तत्वों एवं अवैध कारोबार में संलिप्त रहने वालों के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।

## सेक्टर लेवल फुटबाल प्रतियोगिता का दो दिवसीय कल से

डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन अनुसार शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ श्रीमति ई वी रेवती के निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ एम एल नंदेश्वर के मार्गदर्शन में 18 एवं 19 सितंबर को सेक्टर लेवल फुटबाल पुरुष प्रतियोगिता आयोजित की गई है। उक्त प्रतियोगिता में राजनंदगांव खैरागढ़ गण्डई छुईखदान, मोहला मानपुर, चौकी की शासकीय और अशासकीय महाविद्यालय की टीम शिरकत करेंगी। उक्त जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ एम एल नंदेश्वर ने दी।

# हरियाली बहिनी ने 500 पंडालों से फूल एकत्रित किए



राजनांदगांव (दावा)। हरियाली बहिनी अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयास के तहत अविभाजित जिले में इन दिनों गणेश पंडालों से फूल एकत्रित किये जा रहे है, हरियाली बहिनी के अथक प्रयास से महिला समूह की महिलाओं ने 500 से अधिक पंडालों में जाकर फूल एकत्रित की गई है ताकि तालाबों से प्रदूषण से रोकने अभिनव प्रयास से लोगों को जोड़ा जा सके हरियाली बहिनी अभियान के प्रमुख शिव कुमार देवांगन ने बताया किया गांवों और शहरों में बप्पा में चढ़े फूलों के एकत्रित कर सुखाया जा रहा है ताकि अगरबत्ती के उपयोग में लाया जा सकें।

फूल को एकत्रित करने का उद्देश्य जल प्रदूषण के लिए जागरूकता लाना है, हरियाली बहिनी जनिया, कस्तूरी, पूर्णिमा, पुष्पा, यमुना, सत्यवती, धनेश्वरी ने बताया कि, महिलाएँ पंडाल में जाकर आयोजन समिति से फूल एकत्रित की जा रही है। फूलो को तालाबों, नदियों में न बहाने के लिए जागरूक की जा रही है, इस अभियान से महिलाओं के अलावा आयोजन समितियाँ भी जुड़ रहे है। आने वाले दिनों में फूलों का उपयोग अगरबत्ती के अलावा रंग गुलाल एवं अन्य उत्पाद में उपयोग किया जायेगा।

# पहला कॉलम...

## शिक्षकों के गैर शिक्षकीय कार्य से मुक्त रखने की मांग को लेकर नवीन शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। जिला राजनांदगांव के शिक्षकों ने नवीन शिक्षक संघ के अगुवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजनांदगांव द्वारा राजनांदगांव विधानसभा के अंतर्गत मतदान केन्द्रों में ओ.बी.सी. सर्वे एवं अन्य गैर शिक्षकीय कार्यों से शिक्षकों को मुक्त रखने की मांग को लेकर अपर कलेक्टर सी.एल. मार्कण्डेय के हाथों ज्ञापन सौंपा। नवीन शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष छन्नू लाल साहू एवं सचिव अजय कड़व ने बताया कि कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव से जारी आदेश में राजनांदगांव विकासखण्ड से लगभग डेढ़ सौ से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी ओ.बी.सी. सर्वे में लगायी गई है। इसी तरह अन्य विकासखण्डों में भी प्राथमिक एवं मिडिल शालाओं के शिक्षकों को गैर शिक्षकीय कार्य में झोक दिया गया है। इतनी अधिक संख्या में शिक्षकों की गैर शिक्षकीय कार्य में ड्यूटी लगने से प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों की व्यवस्था और पढने् वाले विद्यार्थियों पर भी दिख रहा है। कई प्रधान पाठकों की भी ड्यूटी ओ.बी.सी. सर्वे में लगाया गया है। प्राथमिक शालाओं एवं मिडिल शालाओं में पहले से ही शिक्षकों की कमी हुई है। जाहिर है जुलाई, अगस्त एवं सितंबर का माह अध्ययन-अध्यापन की दृष्टि से महत्वपूर्ण होता है। नवीन शिक्षक संघ के द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में प्रमुख मांग प्राथमिक एवं मिडिल शालाओं के शिक्षकों को गैर शिक्षकीय कार्य से मुक्त रखने एवं पूर्व में किये गये आर्थिक सामाजिक सर्वेक्षण के दिनों को अर्जित अवकाश में जोड़ने की मांग किया गया है। विदित हो कि पूर्ववर्ती सरकार के शासनकाल में गर्मी की छुट्टियों में शिक्षकों से आर्थिक सर्वेक्षण के रूप में सर्वे कार्य कराया गया था। गर्मी की छुट्टी के दिनों में किये गये कार्य दिवसों की संख्या को अर्जित अवकाश में नियमानुसार बदलने की मांग संघ की ओर से किया गया है। नवीन शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने कहा है कि शासन प्रशासन इसी तरह प्राथमिक एवं मिडिल शालाओं की ड्यूटी गैर शिक्षकीय कार्य में लगाते रहें तो शासकीय शालाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रभावित होगी। वैसे ही शिक्षा विभाग को एन.जी.ओ. का प्रयोगशाला बना दिया गया है। कई प्रकार की अन्य गतिविधियां स्कूलों में इन अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन कराने से कोर्स वैसे भी पूरा नही हो पा रहा है। संघ ने कहा है कि यदि शासन प्रशासन शिक्षकों की मांग का निराकरण नही करता है तो जन प्रतिनिधियों के बीच जाकर इन समस्याओं के बारें में अवगत कराया जायेगा।



ज्ञापन सौंपने वालों में छन्नूलाल साहू, अजय कड़व, जितेन्द्र हिरवानी, प्रफुल्ल झा, जितेन्द्र देवांगन, महेश ठाकरे, अर्जुन सेन, प्रमोद साहू, कन्हैया लाल कुंजाम, गुरूदत्त सिन्हा के साथ अन्य शिक्षकगण शामिल थे।

## संकुल साल्हेटोला में संकुल स्तरीय समीक्षा बैठक एवं शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न

छुरिया (दावा)। विकासखण्ड छुरिया अंतर्गत संकुल साल्हेटोला में संकुल स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन शुक्रवार को शासकीय हाईस्कूल साल्हेटोला में किया गया । इस बैठक में संकुल आश्रित शालाओं के समस्त शिक्षक उपस्थित थे । बैठक का प्रारंभ मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण से हुआ । तत्पश्चात सभी शिक्षकों को उनके द्वारा विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने शिक्षण गतिविधि में किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना करते हुए सभी शिक्षकों का संकुल परिवार की ओर से मोमेण्टो एवं पेन प्रदान कर स्वागत अभिनंदन किया गया । इस अवसर संकुल प्राचार्य एम.आर. पंचारे एवं संकुल समन्वयक सुरेश साहू ने सभी शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि आप सभी शिक्षकों को निरंतर अपने कत्तर्वयों का निर्वहन करते हुए विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर उनका सर्वांगीण विकास करना है । ताकि विद्यार्थी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अपना भविष्य संवार सके। आप सभी का शिक्षा सत्र में कार्य सराहनीय रहा है । आभार प्रदर्शन प्राथमिक शाला कल्लूटोला के नवपदस्थ प्रधान पाठक विजय कुमार देवांगन ने किया । इस अवसर पर संकुल के समस्त शिक्षकगण यु.डी.सार्वा, दीप कुमार वर्मा, एम.के.मण्डावी, उत्तम प्रसाद दुबे, श्रीमती ऋचा त्रिपाठी, तुकाराम चंद्रवंशी टुकेश मंडावी, श्रीमती अम्बा मंडावी, हरिश्चन्द्र बंजारे, विजय कुमार देवांगन, उमेश कुमार साहू, नारायण प्रसाद दिनकर, श्रीमती पद्मा लहरे, एच.के.कुम्भकार, रितेश चक्रधारी, अविनाश मानिकपुरी, लीलाधर कंवर, सुरेन्द्र साहू सहित शाला के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# शिक्षक नीलकंठ कोमरे को राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त होने पर सिरलगढ़ ग्रामवासी ने किया भव्य स्वागत



शिक्षक दिवस पर शिक्षकों ने दिया न्योता भोज

अम्बागढ़ चौकी(दावा)। शिक्षक नीलकंठ कोमरे को राज्यपाल पुरस्कार एवं शिक्षक योगेंद्र कुमार देवांगन को शिक्षादूत शासकीय प्राथमिक शाला सिरलगढ़, विकास खण्ड अम्बागढ़ चौकी, जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी सम्मान प्राप्त होने शाला समिति एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा भव्य स्वागत किए एवं श्रीफल, शॉल भेंट किए। शिक्षक द्वारा न्योता भोज कराए गए। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती 5 सितंबर शिक्षक दिवस हर शिक्षक के लिए अपने आप में खास और गौरवमयी होता है। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला सिरलगढ़ के शिक्षकों ने न्योता भोज दिया द्य न्योता भोज में खीर-पुरी, मिठाई, सलाद, पापड़, पनीर मटर, बरबटी, आलू, दाल व फल प्रदान कर समुदाय को न्योता भोज देने के लिए प्रेरित किया। नीलकंठ कोमरे ने बताया कि दरअसल न्योता भोज बच्चों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन देने की पहल है। यह प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत अतिरिक्त पोषण आहार देने की सुविधा का हिस्सा है, इसमें कोई भी इच्छुक दानदाता अपनी ओर से मध्यान्ह भोजन के समय इस तरह से पूरक पोषण आहार दे सकता है। न्योता भोज की परंपरा शुरू होने से बच्चों की उपस्थिति में काफी सुधार हुआ है एवं अतिरिक्त पोषण आहार भी बच्चों को मिलने लगा है जिससे कुपोषण की दर में धीरे-धीरे कमी आई है।

शिक्षक नीलकंठ कोमरे एवं योगेंद्र देवांगन का सोच है कि न्योता भोज योजना का लाभ अधिक से अधिक बच्चों को दिलाया जाए इसके लिए उन्होंने एसएमसी, पालक व ग्रामवासियों को प्रत्येक बैठक में चर्चा कर योजना का लाभ दिलाते हैं। आज सिरलगढ़ में प्रत्येक पालक एवं समिति अपने बच्चों के जन्मदिन पर न्योता भोज दे रहे हैं जिससे बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास हो पा रहा है। शासकीय प्राथमिक शाला सिरलगढ़ में संकुल स्तरीय शिक्षक दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक नीलकंठ कोमरे एवं मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण अंतर्गत शिक्षादूत सम्मान से सम्मानित योगेंद्र कुमार देवांगन का समस्त अतिथियों शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों पालकों एवं ग्रामवासियों ने तथा संकुल से आए हुए शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच किशोर कुमार जुरेशिया, कार्यक्रम के अध्यक्षता की संकुल प्राचार्य जितेंद्र साव, विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलदीप कुर्रे, संकुल समन्वयक लेखराम ठाकुर श्रीमती दीपक कुम्भज भास्कर ठाकुर सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं सहित समिति के सदस्यगण, पालकगण एवं ग्रामवासीगण उपस्थित रहे है।

# विधायक ने कांचरी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा



खैरागढ़ (दावा)। केसीजी जिले के ग्राम कांचरी में 10 सितंबर को हुई, भीषण बाढ़ से कई घर तबाह हो गया। अचानक आई बाढ़ से घर में रह रहे लोगो को सम्हलने का मौका नहीं मिला। यहाँ के कई घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। घर में रखे कीमती सामान अनाज, रुपये पैसे सहित जरुरी सामान तबाह हो गया। प्रशासन के टीम ने शनिवार को प्रभावित घरो का निरीक्षण कर मुआवजा के लिए जिला प्रशासन को प्रस्ताव भेजा।

खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा ने कांचरी पहुंचकर बाढ़ प्रभावित घरों का जायजा लिया और प्रशासन को मुआवजा देने आग्रह किया। विधायक यशोदा वर्मा ने जल संसाधन विभाग के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि जब ऊपर से पानी छोड़ा गया तो गॉव वालों को सूचना नहीं दिया गया। जिससे गॉव के लोग सम्हाल नहीं पाए, वही सरपंच हेमकल्याणी तोडे ने गॉव में पुल की मांग कि है, उन्होंने कहा की यदि बाढ़ वाले क्षेत्र में पुल बना हुआ होता तो इतना भयंकर बाढ़ नहीं आता। उन्होंने जल्द ही पुल निर्माण एवं बाढ़ प्रभावित लोगो को मुआवजा दिलाने आग्रह किया।

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य नीलांबर वर्मा, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आकाश दीप सिंह गोल्डी, कोमल वर्मा, सरपंच हेमकल्याणी तोड़े, पंच आशा बाई वर्मा, संजय वर्मा, शेखर वर्मा, देवेंद्र तोड़े राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राष्ट्र भाषा हिन्दी देश की संस्कृति एवं संस्कारों का प्रतिबिम्ब है हिन्दी सिर्फ राष्ट्र भाषा नहीं, भाव की अभिव्यक्ति है

राजनांदगांव(दावा)। श्री शिवनाथ विकास समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हिन्दी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन बल्देवबाग स्थित समयोतन भवन में माँ सरस्वती की वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। उक्त अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉ. डी.सी.जैन ने कहा कि हमारी समिति हिंदी भाषा के विकास के लिए सतत् प्रयासरत है और राष्ट्र भाषा को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष हिन्दी के अच्छे साहित्यकारों का चयन कर उन्हे शिवनाथ रत्न से सम्मानित करती है संगोष्ठी के द्वारा राष्ट्र भाषा के विकास को समझने का प्रयास करते हुए समान देते है।

इस अवसर पर पूर्व महापौर सुदेश देशमुख ने कहा की राष्ट्रभाषा हिन्दी हमें एकता के सूत्र में बांधे रखती है। विश्व में तीसरे नम्बर पर सर्वाधिक बोले जाने वाली भाषा है। हिन्दी को रोजगार की भाषा बनाना होगा। आज भी प्रशासनिक व न्यायीक क्षेत्र में हिन्दी को प्राथमिकता नहीं मिल पाई अपितु एक विदेशी भाषा आज भी प्रचलन में है जो हमारी गुलामी की मानसिकता है जिसे जनमानस में जागरूकता के द्वारा ही समाप्त किया जा सकता है।

इस अवसर पर राकेश इन्द्रभूषण ठाकुर ने कहा कि देश में विभिन्न प्रांत है जहाँ उन प्रांतो की भाषा प्रमुख रूप से प्रचलन में है फिर भी हमारी राष्ट्र भाषा हमें एक सूत्र में पिरोये रखने का प्रयास करती है। प्रशासनिक व न्यायिक क्षेत्र में राष्ट्र भाषा को नजर अंदाज किये जाने से हिन्दी भाषा पिछड़ गई, किन्तु बोलचार व व्यवहार में प्रचलित है। और आज भी हमें मोबाईल पर हिन्दी के लिए 2 ही दबाना पड़ता है।



हिन्दी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

कचरू प्रसाद शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए देश के सर्वोच्च पद पर अब राष्ट्र भाषा में अब काम काज हो रहे है अब लोक सज़ा एवं राज्य सभा में देश के जनप्रतिनिधि राष्ट्र भाषा को आदर व समान दे रहे अब हम देश के प्रधानमंत्री को हिन्दी में भाषण करते हुए सुन रहे है।

वरिष्ठ आयकर सलाहकार एवं अधिवक्ता एजाज सिद्धकी ने कहा कि मेडिकल के क्षेत्र में चिकित्सकों एवं अन्य विशेषज्ञों को हिन्दी शब्द रचना पर अपना ध्यान केन्द्रित करना चाहिए दवाईयों पर आज भी निर्माण तिथि व समाप्ति तिथि के बजाय आज भी एक विदेशी भाषा का प्रयोग किया जाता है जिसमें सुधार की आवश्यकता है। उन्होने यह भी कहा की न्यायालयों में अधिवक्ता साथी न्यायधीश को मीलाड कहकर संबोधित कर रहे है। जो गुलामी की परिचायक है। गाड़ियों के नंबर प्लेट विदेशी भाषा पर लिखे जाते है यातायात विज्ञाग को हिन्दी अंको को पढ़ना कठिन पड़ता है। लोग आज भी अंग्रेजी में हस्ताक्षर करते समय बड़ा गर्व महसूस करते है।

देश में प्राथमिक पाठशाला के स्थान पर किड्स-कांवेंट का प्रचलन अत्यधिक रूप से बढ़ा है। जो देश के राष्ट्रवाद को समाप्त करने का एक बढ़ा षडयंत्र है। अशोक चौधरी ने कहा की राष्ट्रभाषा पर हमें गर्व होना चाहिए आयकर विभाग व इंकम टैक्स ट्रिब्यूनल आज भी विदेशी भाषा पर आधारित है। चार्टर्ड एकाउण्टेंट जीएसटी जैसे अनेको शब्द जिनके हिंदी शब्द नहीं होने से देश का विपक्ष उसे गब्बर सिंह टेक्स बताता है ऐसे अनेको उदाहरण दिये और कहा कि कलेक्टर, एसडीओ, एसपी, कमीश्नर जैसे पद नाम विदेशी भाषा में आज भी लिखे जाते है। जिला एवं संभाग स्तर पर आज तक सुधार नहीं हुआ है। गुलामी की मानसिकता देश की नागरिको की समस्या के लिए समाधान कारक व संवेदनशील नहीं हो सकती है। इस लिए प्रशासनिक सुधार और राष्ट्रभाषा का समान अति आवश्यक है।

कार्यक्रम का संयोजन व संचालन करते हुए अमलेन्दु हाजरा ने कहा की राष्ट्र भाषा हमारी देश की संस्कृति व संस्कारों का प्रतिबिम्ब है जो न सिर्फ भाषा है। बल्कि हमारे जाव की अभिव्यक्ति का उत्तम साधन है। किसी भी भाषा की आत्मा उसके शब्द होते है शब्द समाप्त होने पर भाषा विलुप्त हो जाती है इस लिए सदैव नये-नये तकनीकी एवं प्रशासनिक शब्दों के निर्माण के लिए हमें प्रयास करना चाहिए और भारत के प्रत्येक नागरिक को संविधान भाग 17 अनुच्छेद 343 से 351 का अध्ययन, मनन अवश्य करना चाहिए।

इस अवसर पर हरजीत सिंह भाटिया, श्यामराव खाटोले, मिश्रीलाल गोलछा, सारंग मुदलियार, सुरेश भंसाली, विजय पटेल, सुभाष खंडेलवाल, महेश चिरवत्तकर, सुनील बंसोड़, भगवान झा, लुमन साहू, सुनील श्रीवास्तव, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, रामअवतार गोयल, बद्रीनाथ महोबिया, रामचरण वैष्णव, प्रीतम चौहान आदि उपस्थित रहे। आभार व्यक्त करते उक्त जानकारी समिति की ओर से शैलेन्द्र तिवारी द्वारा दी गई ।

# खुमान साव संगीत अकादमी की प्रस्तुति से महका लक्ष्मी नगर



राजनांदगांव (दावा)। विगत दिनों लक्ष्मी नगर गणेश उत्सव समिति राजनांदगांव के द्वारा खुमान साव संगीत अकादमी राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ी संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। उक्त संस्थान के संस्थापक/लोकसंगीतकार गोविंद साव सहित संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं नवोदित कलाकारों के द्वारा लोकगीत, लोक नृत्य एवं प्रहसन की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। उक्त कार्यक्रम में लोमन हिरवानी अधिवक्ता, गुणेंद्र साव अधिवक्ता, नरेश साहू अधिवक्ता, मुन्ना साहू ठेकेदार, सहदेव पटेल, शिव पटेल, टेकलाल यादव, सूरज साहू, गोलू भाई, हरि पटेल, बृजलाल साहू, मकसूदन साहू अपेक्स बैंक सुपरवाइजर, प्रवीण साव, भगवती गंभीर बांसुरी वादक व श्रीमती कान्ति मौर्य की गरिमामयी उपस्थिति से मंच उत्साहित रहा। समस्त कॉलोनीवासियों द्वारा प्रतिवर्ष गणेश पर्व बेहद धूमधाम से मनाया जाता है इसी श्रृंखला में छत्तीसगढ़ी लोक संगीत के संरक्षण व संवर्धन के दिशा में सतत प्रयासरत लोक संस्थान खुमान साव संगीत अकादमी की प्रस्तुति से दर्शक दीर्घा मंत्र मुग्ध हुए वहीं नवोदित कलाकारों के जज्बे व श्रम को लोगों ने सराहा। देर रात्रि तक चले कार्यक्रम में लोक संगीत की स्वर लहरियों से कॉलोनी गुंजित व आह्लादित था। उक्त कार्यक्रम का संचालन कवि रोशन साहू मोखला, हिमाचल साहू एवं खुमान साव संगीत अकादमी के संरक्षक मुरली शरण दास वैष्णव ने किया। उपरोक्त जानकारी कमलेश यादव 'सत्यदर्शन लाइव' ने दी।

# 40वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पु. बल द्वारा डोंगरगढ़ में स्वच्छता ही सेवा-2024 का आयोजन



डोंगरगढ़ (दावा)। 40वी भा. ति. सी. पु. बल के अनन्त नारायण दत्ता, कमाण्डेंट, 40वीं वाहिनी भा. ति. सी. पु. बल के कुशल नेतृत्व में सामरिक मुख्यालय, 40वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पु. बल डोंगरगढ़ द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' थीम के तहत सफाई अभियान शुरूआत सभी पदाधिकारियों को स्वच्छता की शपथ देकर की। इसके पश्चात् जागरूकता रैली निकालते हुए श्री मूछ वाले हनुमान मंदिर के प्रांगण में साफ-सफाई किया गया। जिसमें 40वीं वाहिनी के सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान आईटीबीपी के सभी पदाधिकारियों ने मूंछ वाले हनुमान मंदिर परिसर एवं महावीर तालाब के रामघाट एवं लक्ष्मणघाट पर साफ-सफाई की तथा स्थानीय लोगों को अपने गाँव व आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिये प्रेरित किया।

इस अवसर पर 40वीं वाहिनी आईटीबीपी के कमाडेंट ए.एन. दत्ता ने बताया कि 02 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की गई है। उन्होनें कहा कि स्वच्छ समाज के लिये स्वच्छता बहुत जरूरी है। यह केवल अभियान के समय ही नहीं, बल्कि हमें इसे निरंतर अपने दैनिक जीवन में नियमित रूप से लागु करने की आवश्यकता है। ए.एन. दत्ता, कमाण्डेंट, 40वीं वाहिनी द्वारा सभी पदाधिकारियों एवं तालाब के रामघाट एवं लक्ष्मणघाट पर उपस्थित स्थानीय लोगों को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को नियमित रूप से शामिल करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही उन्होंने सभी स्थानीय लोगों से अपने गाँव व वातावरण को सुंदर एवं स्वच्छ रखने की अपील की। इस स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में आईटीबीपी के तरूण कुमार बंजारी, द्वितीय कमान, संतोष कुमार सिंह, सहायक सेनानी एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए किया जा रहा जागरुक

मोहला (दावा)। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आज मोहला ब्लॉक के विभिन्न पंचायतों में साफ-सफाई एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इसी प्रकार स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत अम्बागढ़ चौकी के सभा गृह मे संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कुमारी बाई जुरेशिया, उपाध्यक्ष नरोत्तम देहरी, माननीय सदस्यगण, सरपंचगण, परियोजना निर्देशक हेमंत ठाकुर, सीईओ श्रीमती प्रियंवदा द्वारा स्वच्छता के सम्बन्ध मे अपने विचार व्यक्त किया गया।

# प्रथम पेज का शेष

***अरविंद केजरीवाल आज देंगे ...***

0 तीन संभावित नाम- आतिशी, गोपाल राय, कैलाश गहलोत- आप के सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली के तीन प्रमुख मंत्री–आतिशी, गोपाल राय और कैलाश गहलोत–अंतरिम मुख्यमंत्री पद के संभावित दावेदार माने जा रहे हैं। आतिशी शिक्षा, वित्त और कानून समेत कई अहम मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल रही हैं, वहीं गोपाल राय पर्यावरण मंत्री हैं और पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। दूसरी ओर, कैलाश गहलोत परिवहन और गृह विभागों के साथ-साथ अन्य जिम्मेदारियों को भी संभाल रहे हैं।

0 जनता के फैसले का इंतजार करूंगा- अरविंद केजरीवाल- अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि वह जनता के फैसले का सम्मान करेंगे और अगला चुनाव जीतने के बाद ही सीएम पद पर बैठेंगे। उन्होंने अपने इस्तीफे की तुलना रामायण की सीता की अग्निपरीक्षा से की। केजरीवाल ने कहा, मैं अग्निपरीक्षा देने जा रहा हूँ, अगर जनता मुझे ईमानदार मानती है, तो वे मुझे दोबारा चुनकर भेजेंगी। उनके इस बयान के बाद पार्टी के भीतर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। मनीष सिसोदिया ने कहा- 'मैं पद के लिए नहीं आया'- पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोशल मीडिया पर बयान दिया कि वह किसी पद के लालच में राजनीति में नहीं आए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें शिक्षा मंत्री के रूप में काम करने का मौका मिला और उन्होंने ईमानदारी से दिल्ली के शिक्षा तंत्र को सुधारने का प्रयास किया। सिसोदिया ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि वह इस समय डिप्टी सीएम या शिक्षा मंत्री के पद के लिए तैयार नहीं हैं। पीएसी की बैठक में होगा अंतिम फैसला- आप के वरिष्ठ नेता और पीएसी के सदस्य आज बैठक करेंगे, जिसमें अंतरिम मुख्यमंत्री के नाम पर चर्चा होगी। पार्टी के भीतर आतिशी, गोपाल राय और कैलाश गहलोत के नाम सबसे अधिक चर्चा में हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, आप इस फैसले को जल्द ही अंतिम रूप देना चाहती है ताकि दिल्ली की सरकार सुचारू रूप से चल सके।

0 दिल्ली विधानसभा सत्र बुलाने की तैयारी- इस बीच, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने बताया कि दिल्ली विधानसभा का सत्र जल्द ही बुलाया जाएगा। इस सत्र में केजरीवाल के इस्तीफे के बाद की स्थिति और नए मुख्यमंत्री के चयन पर चर्चा की जाएगी।

***'देश के टुकड़े करना चाहते हैं सत्ता ...***

पीएम मोदी ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर साधा निशाना- अमेरिका यात्रा के दौरान राहुल गांधी द्वारा सिख समुदाय और आरक्षण पर की गई टिप्पणी और जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस के नेशनल कांफ्रेंस के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन को लेकर उठे विवादों के बीच मोदी ने कहा कि नफरत से भरे कुछ लोग देश को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सोमवार को गांधीनगर में देश की पहली नमो भारत रैपिड रेल (कच्छ-भुज से अहमदाबाद) तथा देश के अन्य शहरों के बीच चलने वाली छह अन्य वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। देश के अन्य शहरों को भी नमो भारत रैपिड रेल सेवा से जोड़ा जाएगा। मोदी ने गांधीनगर को मेट्रो ट्रेन का तोहफा दिया। साथ ही गिफ्ट सिटी को मेट्रो ट्रेन से जोड़ने की परियोजना का भी शिलान्यास किया। उन्होंने पीएम आवास योजना के तहत राज्य में 56 हजार से अधिक परिवारों को आवास भी सौंपा।

***पायलट ने लीं पार्टी की बैठकें ..***

सरकार के पास निर्णय लेने का दम नहीं और पूरे प्रदेश में अफसरशाही हावी है। 0 सभी वरिष्ठ नेता प्रदेशभर का दौरा करेंगे- पार्टी की बैठकों का विवरण देते हुए श्री पायलट ने बताया कि, कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता पूरे प्रदेश भर का दौरा करेंगे। इस दौरान नेतागण कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। ब्लॉक, जिला और संभाग स्तर पर नेताओं के दौरे होंगे। अब पार्टी जमीनी कार्यकर्ताओं की इच्छा के अनुरूप काम करेगी।

0 संगठन के पद जल्द भरे जाएंगे- संगठन में बदलाव की चर्चाओं पर उन्होंने कहा कि, पार्टी के कार्यकर्ता जो-जो तब्दीली चाहते हैं, उसके आधार पर हम लोग निर्णय करेंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि, जल्द ही बदलाव हो जाएगा और जहां कमियां हैं उनको पूरा कर दिया जाएगा। संगठन में जो खाली पद हैं उनको जल्द ही भर लिया जाएगा। श्री पायलट ने कहा कि, जो निष्क्रिय पदाधिकारी हैं उनकी जगह सक्रिय लोगों को आगे लाया जाएगा।

***अमित शाह का विपक्ष पर हमला...***

शाह ने जनता से पूछा कि क्या वे फिर से ऐसी सरकार को सत्ता में देखना चाहेंगे जिसने कश्मीर को आतंकवाद के चंगुल में डाल दिया। 0 आतंकवाद और राजनीति का गठजोड़- अमित शाह ने इस मौके पर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और राजनीति के गठजोड़ पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने केवल सत्ता के लिए आतंकवाद को संरक्षण दिया और इस क्षेत्र की जनता को धोखा दिया। शाह ने जनता से अपील की कि वे ऐसे गठबंधन से सावधान रहें, जिसने केवल तबाही और आतंक फैलाया है।

0 जागरूक रहे कश्मीर की जनता- अमित शाह ने जनसभा के अंत में जम्मू-कश्मीर की जनता से अपील की कि वह जागरूक रहें और सही सरकार का चुनें। उन्होंने कहा कि यह समय है कि जम्मू-कश्मीर में शांति और विकास की बहाली हो और आतंकवाद को हमेशा के लिए समाप्त किया जाए। शाह ने जनता से अपील की कि वे कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के झूठे वादों से सावधान रहें।

***हरियाणा में चल रही है प्रबल...***

उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी की स्थिति विकराल है और सीएमआईई के अनुसार हरियाणा की बेरोजगारी दर 37.4 है। उन्होंने अग्निवीर योजना के बारे में कहा कि इस योजना ने रक्षा बलों को नुकसान पहुंचाया है, सैन्य तैयारियों को खतरे में डाला है और युवाओं को भी नुकसान पहुंचाया है। पत्रकारों के सवालों के जवाब में उन्होंने इनकार किया कि हरियाणा कॉंग्रेस में गुटबाजी है और कहा कि तीन या चार नेता ऐसे हैं जो खुद को अग्रणी मानते हैं और इसमें कुछ भी गलत नहीं है क्योंकि यह स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करता है। कांग्रेस के मुख्यमंत्री के चेहरे के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि आम तौर पर कॉंग्रेस मुख्यमंत्री का चेहरा चुनाव से पहले पेश नहीं करती और सामान्य प्रक्रिया यह है कि चुनाव के बाद विधायकों से उनकी पसंद के बारे में पूछा जाता है और उसके आधार पर आलाकमान अंतिम निर्णय लेता है।

***प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन...***

0 दुकानों पर मिल रहा डिस्काउंट -सूरत के दुकानदार भी इस मौके पर मिलने वाली छूट को लेकर उत्साहित हैं। एक ग्राहक ने बताया, त्योहारों के चलते हम खरीदारी कर रहे हैं और हमें पता चला कि 17 सितंबर को पीएम मोदी का जन्मदिन है। हमें यहां अच्छा डिस्काउंट मिल रहा है, इसलिए हमने कुछ सामान खरीदा है।

0 ओडिशा की महिलाओं को मिलेगी सौगात - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने जन्मदिन पर ओडिशा का दौरा करेंगे और यहां 'सुभद्रा योजना' की शुरुआत करेंगे। बीजेपी सांसद संबित पात्रा ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी ने महिलाओं के लिए हर साल 50 हजार रुपए देने का वादा किया था। 17 सितंबर को पीएम मोदी इस योजना के तहत 1 करोड़ 30 लाख महिलाओं को 5 हजार रुपए की पहली किस्त जारी करेंगे।

***पहले अपने गिरेबान में झांके...***

मुसलमान नहीं मानना चाहिए। इसके पहले भी ईरान के सुप्रीम लीडर भारत के खिलाफ बयान दे चुके हैं। साल 2019 में जब जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया गया था तो अयातुल्लाह अली खामेनेई ने कश्मीर में मुसलमानों की स्थिति पर चिंता जताई थी।

# मुसरा हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को हेल्थ केयर का कराया गया औद्योगिक भ्रमण



डोंगरगढ़/मुसरा(दावा)। शा.उ.मा.विद्यालय मुसरा के कक्षा बारहवी के हेल्थ केयर के 36 विद्यार्थियों, कक्षा ग्यारहवी के 38, कक्षा दसवी के 29 तथा कक्षा नवमी के 33 विद्यार्थियों का क्रमशः दिनाक 09, 10, 11 तथा 12 सितम्बर को औद्योगिक भ्रमण व्यावसायिक प्रशिक्षक संजय कुमार ठाकुर (ट्रेड -हेल्थ केयर) के नेतृत्व में तथा प्रभारी प्राचार्य कौशल राम चंद्रवंशी की अध्यक्षता में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी में कराया गया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में होने वाले स्वास्थ्य देखभाल सम्बन्धी कार्यो जैसे -बाह्य रोगी विभाग में मरीजो की जांच, रक्त चाप मापना, रक्त जांच करना, दवाइयों का वितरण, जबकि आतंरिक रोग विभाग में प्रसव पश्चात माता की देखभाल, माता और संतान के लिए जरुरी पोषक तत्व, इत्यादि के बारे में सीखाया।

औद्योगिक भ्रमण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी के स्वास्थ्य कर्मी इंद्र कुमार बनवासी (आरएम.ओ), डॉ. प्रज्ञा कोचे (मेडिकल ऑफिसर), सुश्री समीक्षा गजभिये (लैब तकनीशियन) एवं श्रीमती मंजू टेम्भुलकर (एएनएम), श्रीमती मंजू लक्ष्मी वर्मा (ड्रेसर), श्रीमती कादम्बनी साहू, मुकेश वर्मा (पी.ए. डी.ए.) इत्यादि के द्वारा विद्यार्थियों को उचित दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिसकी प्रशंसा कौशल राम चन्द्रवंशी प्रभारी प्राचार्य शा.उ.मा.विद्यालय मुसरा ने की।

**विगत 8 वर्षो से व्यावसायिक प्रशिक्षण के अंतर्गत विषय हेल्थ केयर का संचालन**

मुसरा में विगत 8 वर्षो से व्यावसायिक प्रशिक्षण के अंतर्गत विषय हेल्थ केयर का संचालन किया जा रहा है। जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक कुल 136 विद्यार्थी अध्ययनरत है। विगत 4 वर्षो में कुल 120 हेल्थ केयर के छात्र 12 वी कक्षा उत्तीर्ण कर के विभिन्न क्षेत्रो जैसे आयुर्वेदिक बीएएमएस, पशु चिकित्सक, नर्सिंग, लैब तकनीशियन, एक्स रे तकनीशियन, बी.पी.एड तथा विशेषीकृत कोर्स इत्यादि विभागों में अपनी पढ़ाई जारी रखे हुए है। हेल्थ केयर विषय के आ जाने से छात्र-छात्राओं में प्रोफेशनल कोर्सेज की ओर अत्याधिक रुझान बढ़ा है। जिसके लिए संजय ठाकुर की जितनी प्रशंसा की जाए कम है।

# खैरागढ़ में मनाया गया शांति के मसीहा पैगंबर साहब का जन्मदिन



खैरागढ़ (दावा)। मुस्लिम समाज ने अल्लाह के प्यारे रसूल, इस्लाम धर्म के प्रवर्तक व शांति के मसीहा पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम का पाक जन्मदिन सोमवार 16 सितंबर को जश्ने ईद मिलादुन्नबी के रूप में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया। सुबह 4 बजे मान्यता अनुसार पैगंबर साहब की पैदाइश के वक्त सलातो सलाम व नात पढ़ी गई और फिर 5:30 बजे सुबह फजर की नमाज के बाद कुरानखानी की गई तत्पश्चात सुबह 9:30 बजे परंपरानुसार मस्जिद चौक से नगर भ्रमण कर जश्ने जुलूस पुनः मस्जिद चौक पंहुचा जहां जामा मस्जिद के पेश ईमाम हाफिज फखरुद्दीन मिस्बाही ने परचम कुसाई की रस्म (झण्डा रोहन) अदा की और फातिहा पढ़ा वहीं मुस्लिम भाईयों को हर बुरे कामों से दूर रहकर पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के बताये मानवता की राह पर चलने की नसीहत दी और वतन की खुशहाली के लिये दुआ मांगी गई।

0 लड़कियों को अभिशाप समझकर मार दिया जाता था, ऐसे बुरे दौर में अल्लाह ने दुनिया में पैगंबर को भेजा

ज्ञात हो कि जब दुनिया में बुराईयों का अत्यधिक बोल-बाला था और लोगों के साथ भेदभाव की प्रवृत्ति बढ़ते जा रही थी, वहीं लड़कियों को अभिशाप समझकर मार दिया जाता था। ऐसे बुरे दौर में अल्लाह ने अपने प्यारे रसूल पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब को दुनिया में अमन चैन कायम करने के लिये भेजा। पैगम्बर साहब ने कहा था कि अगर आपके पास बेशुमार दौलत है और फिर भी आपका पड़ोसी तकलीफ में या कई वक्त भूखे रहकर जीवन व्यतीत कर रहा है तो सबसे पहले आप अपने पड़ोसी की मदद करो चाहे वो किसी भी धर्म का हो, वरना आपकी दौलत किसी काम की नहीं है। जुलूस में जमात के लोगों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर स्टॉल लगाकर फल, बिस्किट, शरबत, जूस व नाश्ते का प्रबंध किया गया और सीटीबी फाउंडेशन द्वारा स्टेट बैंक के पास स्टेट हाईवे में फूलों की वर्षा कर समाज के लोगों का जोशीला स्वागत किया गया वही हिंदू मुस्लिम एकता का परिचय देते हुए गोलबाजार में नगर के प्रतिष्ठित शर्मा परिवार द्वारा मुस्लिम समाज के लोगों के लिये पेयजल की व्यवस्था की गई। देशभक्ति से ओत प्रोत गीतों और मजहबी शाँति के प्रतीक नात ने समां बांधा। व्यवस्था बनाये रखने केसीजी पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देश व थाना प्रभारी जितेंद्र बंजारे की मौजूदगी में पुलिस विभाग का सराहनीय योगदान रहा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से हाफिज शराफत हुसैन, हाफिज मोहिब्बुल हक, हाफिज जियाउल हक, नायब सदर जफर हुसैन खान, खजांची मो. इदरीस खान, सचिव अलताफ अली, हाजी असगर अली, हाजी नासिर मेमन, हाजी रिजवान मेमन, हाजी तनवीर मेमन, हाजी ईमरान मेमन, हाजी मोहसिन अली, हाजी जाहिद अली, हाजी मुर्तजा, इकरा फाउंडेशन अध्यक्ष खलील कुरैशी, जिला मुस्लिम समाज सचिव मो.याहिया नियाजी, कय्यूम कुरैशी, जमीर कुरैशी, मो. सगीर खान, जमीर खान, याकूब खान, जुनैद खान, समीर कुरैशी, उबैद खान, मतीन अशरफ, सलीम सोलंकी, हबीब असरफी, सलाम खान, इशरार खान, नाजीम खान, इरफान वारसी, नसीम कादरी, साबिर सरधारिया, वसीम कादरी, ईनायत रसूल, सोहेल खान, जमील मेमन, तारिक अमान, सादिक मोतीवाला,सहित पुलिस विभाग के जवान मौजूद थे। खास बात ये है कि पूरे जुलूस में समाज के नौनिहालों से लेकर बड़े बुजुर्गो तक में खासा उत्साह नज़र आया और मुस्लिम समाज ने शासन के दिशा निर्देश का पालन करते हुये पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन मनाया वही जुलूस में समाज के युवा और बच्चे देश की आन बान शान तिरंगा झंडा भी लहराते रहे।

# डोंगरगढ़ शहर के विभिन्न वार्डो में विराजे गणपति जी


























# शा. दिग्विजय महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग के द्वारा साक्षरता दिवस का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वसाशी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के द्वारा साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य श्रीमती डॉ.अंजना ठाकुर के निर्देशन में तथा समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। यह कार्यक्रम शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोटरासरार जिला राजनांदगांव में किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य के विद्यार्थियों एवं स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम परिसर में सामूहिक रूप से रैली निकाली गई। जिसमें साक्षरता दिवस संबंधित विभिन्न नारे एवं स्लोगन बोले गए। कार्यक्रम के मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। शाला के प्राचार्य सनन कुमार साकरे ने अपने उद्बोधन में साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में कहा कि इस परिवर्तन के दौर पर हमें अनेकों नई-नई टेक्नोलॉजी व कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिन कठिनाइयों को हम साक्षर होकर ही समझ सकते हैं तथा सही गलत का पहचान कर सकते हैं यह कहकर बच्चों को जानकारी प्रदान की।

विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू ने अपने उद्बोधन में कहां कि आज के इस युग में कोई भी बच्चा निरक्षर या अशिक्षित ना हो इसलिए सरकार ने निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाएं भी चला रही है जिसके माध्यम से लोग अधिक से अधिक शिक्षित हो सकें। तत्पश्चात शाला परिसर में साक्षरता दिवस विषय पर पोस्टर मेकिंग, भाषण, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम ललित साहू, द्वितीय आशीष साहू, तृतीय मीनाक्षी निषाद को पुरस्कृत किया गया। तथा निबंध में प्रथम कुमारी वन्दू साहू, द्वितीय देहुती साहू, तृतीय पायल साहू को पुरस्कृत किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम महेक, द्वितीय आशीष तृतीय कुरान को पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त अतिथि व्याख्याता श्रीमती शालिनी सोनी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शाला परिवार से प्राचार्य सनन कुमार साकरे, शिक्षक श्रीमती हुलसी साहू, श्रीमती सृष्टि सूर्यवंशी, श्रीमती नूतन शर्मा एवं समाज कार्य विभाग के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

# नेहरू महाविद्यालय में मनाई गई बल्देव प्रसाद मिश्र जयंती



डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 12 सितंबर को प्रभारी प्राचार्य डॉ.श्रीमती ई.व्ही. रेवती के दिशा निर्देशन एवं कला संकाय प्रभारी श्रीमती डॉ.आशा चौधरी के सहयोग से हिंदी विभाग द्वारा डॉ.बल्देव प्रसाद मिश्र की जयंती मनाई गई। हिंदी विभाग से डॉ.नीता राजपुत, डॉ.येशुकृति हजारे एवं नीलम सिन्हा की आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका रही। मिश्र जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन एम.ए. हिंदी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा मोना सेन ने किया। विभाग प्रमुख डॉ.नीता राजपुत द्वारा उनके व्यक्तित्व की सहजता, सरलता, भावप्रवणता के साथ उनकी रचनाएं तुलसी दर्शन, शंकर दिग्विजय पर प्रकाश डाला गया। डॉ. यीशु कृति हजारे द्वारा उनके कार्यो एवं साकेत संत को सविस्तार वर्णित किया गया। नीलम सिन्हा द्वारा मिश्र जी की हिंदी भाषा के प्रति लगाव और शोध कार्य के बारे में बताया गया। एम.ए.हिंदी की छात्रा चांदनी कंवर द्वारा दीपदान, विकास मेश्राम द्वारा उनकी रचना भारतीय संस्कृति, नीलम यादव द्वारा जीवन वृत्त, निशा वर्मा द्वारा न्यायविद और लोक सेवक के रूप में मिश्र जी की भूमिका, आस्मीन साहू द्वारा उनकी शिक्षा, करण मेश्राम द्वारा मिश्र जी का साहित्यिक परिचय, चांदनी जंघेल एवं शेखर साहू द्वारा काव्य पाठ प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर एम.ए हिंदी के छात्र-छात्राएं अलीशा मानिकपुरी, पार्वती, मोहित, फुलेश्वरी, नीलम वर्मा आदि अधिक संख्या में उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन छात्र करण मेश्राम द्वारा किया गया।

# सरस्वती सायकल वितरण योजना बालिकाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने में कारगर: विक्रांत सिंह

खैरागढ़ (दावा)। केसीजी जिले के छुईखदान ब्लॉक अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झुरानदी में 33 व शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उदयपुर में 63 छात्राओं को राज्य शासन की निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत स्कूली छात्राओं को सायकल वितरण की गई।

इस सायकल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह उपस्थित थे।। इस अवसर पर विक्रांत सिंह ने उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा कि सरस्वती सायकल योजना न केवल छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करती है,बल्कि उनके सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देती है।। उन्होने कहा कि यह योजना विशेष रूप से उन लड़कियों के लिए है, जिन्हें अपने घर से स्कूल तक की दूरी तय करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।। ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर परिवहन की सुविधाएं सीमित होती हैं और कई बार लड़कियों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।। इस कारण से कई लड़किया उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती हैं।। लेकिन सरस्वती सायकल योजना ने इस बाधा को दूर करने का कार्य किया है।। इस योजना के माध्यम से



**उदयपुर व झुरानदी के स्कूली छात्राओं को किया गया साइकिल वितरण**

छात्राएं न केवल स्कूल आसानी से पहुंच पाती हैं,बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और स्वतंत्रता की भी अनुभूति होती है। यह योजना लड़कियों की शिक्षा दर में वृद्धि करने के साथ- साथ उनके आत्मसम्मान को भी बढ़ावा देती है।। साइकिल मिलने के बाद, छात्राओं को समय की बचत होती है, जिससे वे अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाती हैं। झुरानदी में ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग को देखते हुए विक्रांत सिंह ने शीतला मंदिर के लिए 1.50 लाख रुपये की घोषणा की इस दौरान भाजपा नेता ललित चोपड़ा, शाला प्रबन्धन समिति अध्यक्ष आनंद सिन्हा, राजकुमार जंघेल, लखनलाल सोनी, लक्की नेताम, अशोक मिश्रा, मंगल नेताम, दशरथ यदु, रेखचन्द जंघेल, दशरथ देवांगन, भूपेंद्र मिश्रा, दिलीप जंघेल, गणेश सोनी, प्राचार्य रवि मानिकपुरी, सरपंच पंच कुमार धुवे,मेला राम वर्मा उपसरपंच, भगवानीराम वर्मा ग्राम पटेल, कमलेश जघेंल, विनोद रजक, अशोक महिलांगे, चुनुराम वर्मा, रामाधार वर्मा, मनोहर वर्मा, मीना बाई सेन, कुलबती, रघुनंदन दास,बिल्ला बाई, शांती बाई,टीकम वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व स्कूली छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# मोहला उपसरपंच अब्दुल खालिक के खिलाफ धारा 420 का मामला दर्ज



मोहला (दावा)। मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहला के पदाधिकारियों ने आज मोहला थाने पहुंच कर ग्राम पंचायत मोहला के उप सरपंच अब्दुल खालिक खान के खिलाफ ग्राम पंचायत सरपंच के लेटरहेड का दुरुपयोग करने के मामले में एफआईआर दर्ज करवाया है। मोहला पुलिस ने उप सरपंच अब्दुल खालिक खान पर आईपीसी की धारा 420 के तहत मामला दर्ज किया है। ग्राम पंचायत मोहला के उप सरपंच अब्दुल खालिक खान पर बीते मार्च माह में जिला मुख्यालय मोहला में आयोजित मड़ई मेला में झूला संचालक से 2 लाख 40 हजार रूपए की अवैध वसूली करने और ग्राम पंचायत सरपंच के लेटरहेड में झूला संचालक को फर्जी दस्तखत कर एनओसी जारी करने का आरोप लगा था। मामले की शिकायत ग्राम पंचायत मोहला के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर के समक्ष किया था, जिसके बाद कलेक्टर ने मामले में जांच के आदेश हेमेंद्र भुआर्य, एसडीएम मोहला को दिए थे। एसडीएम ने मामले में आरोपी उप सरपंच को दोषी पाते हुए उप सरपंच के पद से बर्खास्त कर दिया था। वही उप सरपंच अब्दुल खालिक खान ने एसडीएम के आदेश को चुनौती देते हुए कलेक्टर न्यायालय में अपील किया था। कलेक्टर न्यायालय ने मामले में उप सरपंच अब्दुल खालिक खान को ग्राम पंचायत सरपंच के लेटरहेड का दुरुपयोग कर झूला संचालक को फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में दोषी पाते हुए ग्राम पंचायत को एफआईआर दर्ज करवाने के आदेश जारी किए थे। वही बर्खास्तगी के मामले में कलेक्टर ने अपील आंशिक रूप से पुनः परिशिलन के लिए न्यायालय को वापस किया है।

# खैरागढ़ कालेज हिन्दी दिवस पर वेलकम पार्टी



खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में हिन्दी दिवस पर एम.ए.हिन्दी साहित्य एवं एम.ए.समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 14 सितम्बर को वेलकम पार्टी का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ जे.के.साखरे विशिष्ट अतिथि छात्रसंघ प्रभारी जे.के.वैष्णव, विभागाध्यक्ष हिन्दी प्रो.यशपाल जंघेल, डॉ. उमेद चन्देल उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना से हिन्दी दिवस कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। प्रभारी प्राचार्य डॉ जे के साखरे ने हिन्दी भाषा के महत्व को समझाते हुए व्याकरण पर विशेष ध्यान देने कहा। जिससे शुद्ध हिन्दी भाषा का प्रयोग कर सकें। छात्रसंघ प्रभारी जे.के. वैष्णव ने हिन्दी भाषा को एक समृद्ध भाषा बताया एवं भारतीयता देश की राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को अक्षुण्य बनाए रखने में हिन्दी भाषा के योगदान को रेखांकित किया। हमारे देश की हिन्दी भाषा एवं संस्कृति हमें एकजुट जोड़े रखने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रो. यशपाल जंघेल ने 14 सितम्बर 1949 को हिन्दी दिवस मनाने के बारे में जानकारी दी एवं व्यवहार राजेन्द्र सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर 1953 से प्रतिवर्ष हिन्दी दिवस मनाने को विस्तार से बताया। डॉ.उमेंद चन्देल ने हिन्दी भाषा की विकास यात्रा को चिन्हांकित करते हुए भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की कविता के माध्यम से छात्रों को संबोधित किया। इस अवसर पर कु. लीना वर्मा ने कविता प्रस्तुति दी एवं गौरी यदु, सुनील वर्मा, विवेक जांगड़े, टिकेन्द वर्मा, उषा बंजारे, कीर्ति यदु, काजल कोठले, लिलात्री साहु आदि छात्र छात्राओं ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर शिक्षक स्टाफ के विजेन्द्र वर्मा, होमन साहु, धरमपाल वर्मा, गुरुदेव वर्मा, योगेश जंघेल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। वेलकम पार्टी में नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को उपहार देकर स्वागत करते हुए स्वल्पाहार दिया गया एवं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम संचालन डॉ. उमेंद चन्देल आभार प्रदर्शन प्रो. यशपाल जंघेल ने किया।

# प्रांतीय शतरंज एवं योग प्रतियोगिता का आरंभ



डोंगरगढ़(दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में प्रांतीय शतरंज एवं योग प्रतियोगिता का आरंभ हुआ, इस अवसर पर दिवाकर स्वर्णकार छत्तीसगढ़ प्रांत के खेल प्रमुख उमा महेश वर्मा उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अमित जैन शहर मंडल अध्यक्ष डोंगरगढ़ विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव बलराम सिंह ठाकुर पर्वेक्षक एवम प्राचार्य गंडई विद्यालय, दीपक सोनी दुर्ग विभाग समन्वयक वीर सिंह यादव खेल प्रमुख जागेश्वर निषाद प्रधानाचार्य एवं बाहर से आए निर्णायक गण इन्ही अतिथियों के माध्यम से संभागीय एथलीट समारोह का प्रांतीय योग एवं शतरंज प्रतियोगिता का आरंभ हुआ।

उपस्थित अतिथियों ने उपस्थित विजयी भैया बहनों को मेडल एवम प्रमाणपत्र द्वारा सम्मानित किया,एवं उनको उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दिए, विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव ने अतिथि परिचय करवाया। एवं अच्छे प्रदर्शन के लिए विजय भैया बहनों को बधाई दिये, अमित जैन ने अपने उद्बोधन में भैया बहनों का उत्साहवर्धन किया एवं श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की बात कही, उमा महेश वर्मा ने अपने उद्बोधन में भैया बहनों को उच्च से उच्चतम प्रदर्शन करने की बात कही और उनको शुभकामनाएं प्रेषित किए, दिवाकर ने योग एवं शतरंज प्रतियोगिता का कार्य योजना पर प्रकाश डाला एवं शतरंज योग प्रतियोगिता का शुभारंभ करने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रतिभागीय भैया बहन एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित था।

## अरसीटोला में पेट्रोल पंप का शुभारंभ विधायक भोलाराम साहू ने किया

राजनांदगांव (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अरसीटोला (कोकपुर) में शिवम सिन्हा सर्विसेस पेट्रोल पंप का विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में अतिथि के रूप में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, राजकुमारी सिन्हा, मनोज सिन्हा, तरुण सिन्हा, नरेश शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# बाजे, धुमाल व ढोल के साथ निकलेगी विसर्जन झांकी

## डीजे साउंड सिस्टम वालों ने शहर में निकाली आक्रोश रैली, गणेश विसर्जन का रंग रहेगा फीका





राजनांदगांव (दावा)। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के उपरांत डीजे साउंड सिस्टम वालों का रोष बढ़ गया है और इसके विरोध में आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी है। बता दें कि स्थानीय प्रशासन द्वारा सुप्रीम कोर्ट के डीजे साउंड की आवाज 55 डेसीबल तक रखने के निर्देश का पालन करते हुए डीजे साउंड सिस्टम वालों को ताकीद कर दी गई है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित आवाज में ही साउंड सिस्टम का उपयोग करें। इससे डीजे वाले भड़क गए हैं और उन लोगों ने इसके खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए शहर में सोमवार को बैनर पोस्टर लेकर आक्रोश रैली निकाली।

बताया जा रहा है कि सभी डीजे वालों ने राजनैतिक, शादी-विवाह, जन्मदिन व धार्मिक पारंपरिक व अन्य आयोजनों में डीजे नहीं बजाने का निर्णय लिया है। डीजे साउंड सिस्टम वालों का कहना है कि इस तरह के नियम से लोगों का रोजगार छिन जाएगा। कई लोगों ने इसके लिए बैंक से कर्ज लिए है, इसके पीछे अपना जमा पूंजी खर्च की है। उन्हें काफी नुकसान होगा। बैंक से कर्ज लिए लोग कहां से कर्ज पटा सकेंगे।

### जनरेटर वालों ने डीजे वालों के सुर में सुर मिलाया

डीजे साउंड सिस्टम वाले साकेत दास वैष्णव ने कहा कि मरीज ले जाने वाली एम्बुलेंस की आवाज 140 डेसीबल रहती हैं। वहीं शांत स्थिति में कम से कम 20 डेसीबल आवाज रहती है। ऐसी स्थिति में डीजे वालों को 55 डेसीबल की आवाज में साउंड सिस्टम का उपयोग करना कहना ठीक नहीं है। इससे डीजे साउंड सिस्टम वालों का व्यवसाय प्रभावित होगा। बता दें कि प्रशासन की सोमवार को डीजे साउंड सिस्टम वालों के साथ गांधी सभागृह मे उक्त विषय को लेकर चर्चा होनी थी। लेकिन प्रशासन के साथ उक्त चर्चा में बात नहीं बनी और आक्रोश में आए डीजे साउंड सिस्टम वालों ने हड़ताल कर दी तथा किसी भी आयोजन में डीजे नहीं बजाने का निर्णय ले लिया गया।

बता दें कि डीजे वालों के साथ जनरेटर वाले भी सुर में सुर मिला रहे हैं। जानने में आ रहा है कि गणेश विसर्जन झांकी में कई समिति वालों को जनरेटर वालों ने मना कर दिया है। झांकी वालों ने बाहर से जनरेटर मंगाने का निर्णय लिया है। इधर सुनने में आ रहा है कि डीजे और जनरेटर वालों में गणेश विसर्जन झांकी में सहयोग करने को लेकर एक पक्ष राजी है तो दूसरा पक्ष विरोध में है। इससे साउंड सिस्टम वालों में फूट पड़ने की बात सामने आ रही है।

# तेज आवाज में डीजे बजाने वाले के खिलाफ कार्रवाई



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर तेज आवाज में डीजे बजाने वाले आरोपी पर कार्रवाई की है। पुलिस ने राजा खान पिता स्व. रशीद खान उम्र 30 वर्ष पठानपारा के खिलाफ तेज आवाज में डीजे बजाने पर कार्रवाई करते हुए उसके पास से एक नग एम्पलीफायर, 04 नग साउंड बॉक्स 02 नग पोंगा एवं मय वायर जप्त किया गया है। बता दें कि पुलिस के आला अधिकारियों के निर्देश पर बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने द्वारा थाना स्टाफ द्वारा लगातार भ्रमण किया जा रहा है भ्रमण के दौरान रविवार 14 सितंबर को सूचना प्राप्त हुआ कि थाना बसंतपुर के बाजू मे मित्र मंडल गणेश उत्सव समिति के पास सार्वजनिक स्थान में अधिक आवाज में सांउड सिस्ट्म बजा रहे है, राजा खान पिता स्व रशीद खान उम्र 30 वर्ष पठानपारा को सांउड सिस्टम मे अधिक आवाज में बजाने पर धारा 16 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन, प्र.आर. राजेश परिहार, बी-9 पेट्रोलिंग पार्टी की भूमिका सरहानीय रही।



































स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com